●वर्ष : 16 ●अंक : 207 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

मंगलवार 19 नवम्बर 2024

# दिल्ली में जहरीली हवा का कहर

## पंजाब में थम नहीं रहे पराली जलाने के केस

**>> आज तो बन गया नया रिकॉर्ड**

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर वायु प्रदूषण के कारण पंजाब में सोमवार को पराली जलाने के 1,250 मामले सामने आए। यह इस मौसम में एक ही दिन में पराली जलाने की सबसे अधिक संख्या है। इसके साथ ही राज्य में पराली जलाने के मामलों की कुल संख्या 9,655 तक पहुंच गई। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के सबसे प्रमुख कारणों में से एक पराली जलाना रहा है। 6 नवंबर को, केंद्र सरकार ने किसानों को रोकने के लिए पराली जलाने पर जुमार्ना दोगुना कर दिया। पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले लोगों के लिए जुमार्ना बढ़ाकर 30,000 रुपये कर दिया गया। दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों को अब 2,500 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये पर्यावरण मुआवजा देना होगा। आठ नवंबर को पंजाब में खेतों में पराली जलाने की 730 घटनाएं सामने आई थी। आंकड़ों के अनुसार सोमवार को मुक्तसर जिले में पराली जलाने की 247 घटनाएं दर्ज की गईं, जो राज्य में सबसे अधिक है, इसके बाद मोगा (149), फिरोजपुर (130), बठिंडा (129), फाजिल्का (94) और फरीदकोट (88) का स्थान है। आंकड़ों के अनुसार, 2022 और 2023 में इसी दिन राज्य में पराली जलाने के क्रमशः 701 और 637 मामले दर्ज किए गए। 15 सितंबर से 18 नवंबर तक, पंजाब मेंपराली जलाने के 9,655 मामले आए, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज आंकड़ों की तुलना में लगभग 71 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।

पंजाब में 2022 और 2023 में इसी अवधि के दौरान पराली जलाने के क्रमशः 48,489 और 33,719 मामले आए। अक्टूबर-नवंबर में धान की कटाई के बाद दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण बढ़ने के लिए अक्सर पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने को जिम्मेदार ठहराया जाता है। चूंकि धान की कटाई के बाद रबी की फसल गेहूं बोने के लिए समय बहुत कम होता है, इसलिए कुछ किसान नयी फसल की बुवाई के लिए फसल अवशेषों को जल्दी से साफ करने के लिए अपने खेतों में आग लगा देते हैं।



# महाराष्ट्र और झारखंड में थमा चुनाव प्रचार का शोर

**>> 20 नवंबर को डाले जाएंगे वोट, 23 को आएंगे नतीजे**

नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र।** 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और झारखंड के दूसरे चरण के चुनाव के लिए आज प्रचार समाप्त हो गया। झारखंड में पहले चरण के 43 सीटों के लिए वोटिंग 13 नवंबर को हो चुकी है। महाराष्ट्र की 288 सीटों के लिए एक चरण में 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। दोनों ही राज्यों के चुनावी नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र में 288 सीटों के लिए कुल 4,136 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 2,086 स्वतंत्र दावेदार हैं। हालाँकि, इस बार, पिछले दो वर्षों में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अलग होने से राजनीतिक परिदृश्य अधिक खंडित है। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में से, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 149 उम्मीदवार, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 81 उम्मीदवार और डिप्टी सीएम अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने 59 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। विपक्षी महा विकास अघाड़ी में, कांग्रेस ने 101 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के 95 उम्मीदवार और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के 86 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव प्रचार में नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा और कई केंद्रीय मंत्रियों जैसे प्रमुख नेताओं ने अपने उम्मीदवारों के लिए वोट जुटाने के लिए राज्य भर में प्रचार किया। महायुति महिलाओं के लिए माझी लड़की बहिन जैसी अपनी लोकप्रिय योजनाओं पर भरोसा कर रही है, जिससे उसे सत्ता बनाए रखने में मदद मिलेगी। भाजपा द्वारा "बटेंगे तो कटेंगे" और "एक है तो सेफ है" जैसे नारों के इस्तेमाल ने विपक्षी दलों को महायुति पर धार्मिक



आधार पर मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाने के लिए प्रेरित किया। एमवीए गठबंधन ने जाति-आधारित जनगणना, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर- के सत्तारूढ़ गठबंधन की बयानबाजी का मुकाबला किया। विपक्ष का लक्ष्य उन मतदाताओं से अपील करना था जो सरकार द्वारा उपेक्षित महसूस करते थे।

झारखंड में दूसरे चरण के तहत 20 नवंबर को 38 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण की अधिसंख्य सीटें संथाल और कोयलांचल क्षेत्रों में स्थित हैं। इस चरण में भी कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर रहने वाली है। वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्पीकर रबींन्द्रनाथ महतो, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो, वर्तमान मंत्री इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, बेबी देवी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। दूसरे चरण में कुल 528 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। 13 नवंबर को पहले चरण में 43 सीटों पर 66.65 फीसदी लोगों ने हिस्सा लिया था।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



## बुलडोजर एक्शन पर कोर्ट का आदेश मनमानी पर अंकुश

सरकारें की गलतफहमी है कि एक बार चुनाव जीतने के बाद उन्हें मनमानी का अधिकार मिल जाता है। इसी भ्रम में सरकारें अपने को अदालत से ऊपर समझने लगती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोर एक्शन के मामले में फैसला देकर सरकारों का यह सपना तोड़ दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिल्ली की आप सरकार के मामले में दिया है, किन्तु यह लागू सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर होता है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर को बुलडोजर एक्शन के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुनाते हुए तीखी टिप्पणी की। साथ ही बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर गाइडलाइन तय कर दी। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने दो टूक कहा कि किसी भी मामले में आरोपी होने या दोषी ठहराए जाने पर भी घर तोड ?ा सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जमीयत उलेमा-ए-हिन्द बनाम उत्तरी दिल्ली नगर निगम व अन्य से संबंधित केस में दो टूक कहा है कि इस मामले में मनमाना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकते। बगैर सुनवाई आरोपी को दोषी नहीं करार नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा अपना घर पाने की चाहत हर दिल में होती है। यद्यपि यह फैसला दिल्ली सरकर से संबंधित है पर इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस फैसले के बाद अब योगी सरकार के लिए बुलडोजर एक्शन लेना भी मुश्किल हो जाएगा। कार्यपालिका के पास असीम शक्तियां होती हैं। इसी बल पर हर साल सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को कार्यपालिका विभिन्न कारणों को आधार बनाकर सैकड़ों आदेशों का अनुपालन नहीं करती है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार से शुरू हुआ बुलडोजर एक्शन का यह सिलसिला पूरे देश में फैल गया था। राज्यों की सरकारों ने इसका राजनीतिक इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखी। वोट बैंक राजनीति ऐसे फैसलों में साफ नजर आती है। हालांकि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर एक्शन अपराधियों के आवास और व्यवसायिक प्रतिष्ठान गिराने के लिए लिया गया था। बुलडोजर एक्शन में भी अपराधियों में भेदभाव के उदारहण मौजूद हैं। इसका दुरुपयोग भी सांप्रदायिक आधार पर किया गया। इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसी सख्त कार्रवाई से अपराधियों में कहीं न कहीं खौफ उत्पन्न होता है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जिस तरह माफिया या गैंगस्टर का सफाया किया, उससे काफी हद तक अपराधों पर लगाम लग सकी है।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

30 लाख फिरौती देकर छूटा पीड़ित, घटना 20 दिन पुरानी

# भोपाल के रियल स्टेट कारोबारी का ग्वालियर से अपहरण

■ भोपाल

भोपाल के कोलार स्थित दानिश हिल्स में रहने वाले रियल स्टेट कारोबारी नीलेश सिंह ठाकुर के अपहरण का मामला सामने आया है। घटना 27 से 29 अक्टूबर के बीच की है। सभी आरोपी पीड़ित कारोबारी के परिचित हैं। 17 नवंबर की शाम पीड़ित ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दानिश हिल्स, कोलार निवासी रियल स्टेट कारोबारी नीलेश सिंह ठाकुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हाल ही में उसने मिसरोद में 32 करोड़ रुपए में जमीन बेची है। इसकी जानकारी उनके पूर्व परिचित संजय राजावत निवासी न्यू द्वारकापुरी, पुरानी छावनी ग्वालियर, पंकज परिहार पिपरोली गड़िया जिला इटावा उत्तर प्रदेश, भोपाल यातायात पुलिस में आरक्षक रहे हेमंत चौहान और पुरानी छावनी, ग्वालियर निवासी ओम राजावत और आकाश राजावत को थी। हेमंत को छोड़कर अन्य सभी आरोपी वर्तमान में मिनाल रेसीडेंसी, भोपाल में रह रहे हैं और भोपाल में प्रॉपर्टी का काम कर रहे हैं।

### रिश्तेदार की सगाई के बहाने बुलाया ग्वालियर



नीलेश ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें करीबी रिश्तेदार की सगाई में ग्वालियर आने का निमंत्रण दिया। फोन पर लगातार कार्यक्रम में शामिल होने की बात कह रहे थे। चूंकि आरोपी कई महीनों से उसके परिचित थे, इस कारण उनके बुलावे पर 27 अक्टूबर को टैक्सी से ग्वालियर के लिए रवाना हुआ। आरोपियों ने रास्ते में उसकी टैक्सी को रोककर उसका अपहरण कर लिया।

### ■ यातायात आरक्षक सहित पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**होटल के तलघर में बंधक बनाकर पीटा**–नीलेश ने बताया कि आरोपियों ने किसी अज्ञात होटल के तलघर में उसे बंधक बनाकर रखा। इसके बाद उत्तर प्रदेश के इटावा के एक गांव में बंधक बनाकर रखा। आरोपियों ने उसे जमकर पीटा और वीडियो बनाया। इसके बाद उसकी पत्नी को फोन किया। मेरी कनपटी पर बंदूक रखकर वीडियो कॉल पर पत्नी को दिखाया और उसके सामने पीटकर पत्नी पर दबाव बनाया। आरोपियों ने पहले पत्नी से एक करोड़ रुपये फिरौती मांगी, लेकिन बाद में 30 लाख रुपये में मान गए। आरोपियों ने 28 अक्टूबर को पत्नी से,कोलार में फिरौती की रकम ली। इसके बाद 29 अक्टूबर को भोपाल छोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि वह इतना डर गया था कि घर वापस लौटने के बाद वह थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने नहीं गया।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

### पार्टी से नाराज कैलाश गहलोत ने आआपा छोड़ी, केजरीवाल को लिखा पत्र

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंत्रिमंडल एवं आम आदमी पार्टी (आआपा) की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्री गहलोत ने आज इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को एक चिट्ठी भी लिखी है। उन्होंने पत्र में इस्तीफा देने की वजह लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं करना बताया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि शीशमहल जैसे कई शर्मनाक और अजीबोगरीब विवाद हैं जो अब सभी को संदेह में डाल रहे हैं कि क्या हम अभी भी आम आदमी होने में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा अगर दिल्ली सरकार अपना अधिकांश समय केंद्र से लड़ने में बिताती है तो दिल्ली के लिए वास्तविक प्रगति नहीं हो सकती। मेरे पास आप से अलग होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है और इसलिए मैं आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।



# बारात ले जा रही इको एवं स्कार्पियों में टक्कर, दो मृत

■ खरगोन

रविवार को नगर के डायवर्सन रोड पर जवाहर मार्ग के लिए डिवाइडर क्रास कर करते हुए बारातियों से भरी इको वाहन को तेज रफ्तार स्कार्पियों ने टक्कर मार दी। रफ्तार इतनी तेज थी कि वह वेन को टक्कर मारने के बाद करीब 20 फीट दूर घसीटता ले गया। इसमें वेन सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि 3 घायल हो गए। प्रजापत परिवार में बिखरी खुशियां मातम में बदल गई।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार हादसे में धर्मेंद्र प्रजापत निवासी डालकी, जगदीश अमीचंद निवासी डालकी, कैलाश राजाराम निवासी लोनारा, राधा कैलाश निवासी लोनारा होकर सभी ईको वाहन सवार होकर आपस में रिश्तेदार हैं। स्कार्पियों वाहन सवार सादिक उम्मेद खां निवासी सेंधवा घायल हैं। इस हादसे में इको सवार रामलाल मांगीलाल (55) और शोभाराम नत्थू प्रजापत (55) की मौत हो गई। मृतकों का जिला अस्पताल में पीएम कराया गया, वहीं घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।



## एक्सप्रेस वे पर वाहन पलटा, एक की मौत

**मंदसौर।** मंदसौर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रविवार की सुबह करीब साढ़े 7 बजे एक ट्रैवलर पलट गया। एक महिला की मौत हो गई और 4 लोग गंभीर घायल है। इनमें दो लोगों को झालावाड़ रेफर किया जा रहा है। सभी लोग गुजरात से अयोध्या जा रहे थे। इसी दौरान एक्सप्रेसवे पर गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि ये गुजरात के अंकलेश्वर से अयोध्या धाम जा रहे थे। मृतक का नाम रंजना पति रिंकेश सोनी ( 33) हैं जबकि 4 घायलों में रश्मि पति श्रवण सिंह(43) स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

### अखिल भारतीय कालिदास समारोह का समापन आज




**उज्जैन।** अखिल भारतीय कालिदास समारोह का समापन सोमवार को अपराहं 4 बजे होगा। कार्यक्रम कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर स्थित मुक्ताकाशी मंच पर होगा।

अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे ने बताया कि कार्यक्रम के अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, सूक्ष्म-लघु-मध्यम विभाग के मंत्री चैतन्य कश्यप, महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विक्रम विवि के कुलगुरु प्रो. तथा महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजयकुमार सीजी होंगे। सारस्वत अतिथि सर्वेश्वर रघुनाथ मंदिर, माउंट आबू के स्वामी सियारामदासजी महाराज होंगे। अध्यक्षता अ.भा. त्रिपदी परिवार, इंदौर के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप तराणेकर करेंगे।

**प्रक्रिया** मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग शीतकालीन सत्र में लाएगा विधेयक

# बोर्ड परीक्षाओं में धांधली रोकने विस में आएगा संशोधन विधेयक

■ भोपाल



प्रदेश सरकार लंबे समय बाद बोर्ड परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए कानून में ही संशोधन करने जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग भारत सरकार के सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम-2024 की तर्ज पर अगले महीने मप्र परीक्षा अधिनियम संशोधन विधेयक लाएगा। संशोधन विधेयक में यह जोड़ा गया है कि परीक्षा केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सहित किसी के पास भी परीक्षा के दौरान मोबाइल पाया गया तो उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा। जिसमें 10 वर्ष तक की कड़ी सजा का प्रावधान किया जा रहा है।

संशोधित विधेयक में परीक्षा केंद्र के पदाधिकारियों के लिए मोबाइल प्रतिबंध किया जा रहा है। प्रतिबंध के बावजूद केंद्र में मोबाइल ले जाने पर 10 वर्ष तक की सजा और 10 लाख तक जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। पिछले परीक्षा सत्रों के दौरान प्रश्न पत्र लीक होने की घटनाएं सामने आने पर माशिमं की कार्यपालिका समिति ने ऐसा करने वाले के लिए 10 साल कैद की सजा और दस लाख रुपये अर्थदंड का प्रस्ताव बनाया था। स्कूल सचिव डॉ संजय गोयल ने बताया कि संशोधन विधेयक का प्रारूप तैयार है। इसे विधानसभा में पेश किया जाएगा।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

### थाने से परीक्षा केंद्र के बीच वायरल किए थे पेपर

दो साल पहले प्रश्न पत्र लीक मामले में मोबाइल के उपयोग की बात सामने आई थी। पुलिस थाना से प्रश्न पत्र परीक्षा कक्ष तक पहुंचने के दौरान मोबाइल से फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। इसे देखते हुए यह प्रावधान लाया जा रहा है कि केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सहित अन्य स्टाफ परीक्षा के समय मोबाइल नहीं रख सकेंगे। संशोधन विधेयक पारित होने के बाद यदि ऐसा पाया जाता है तो उन्हें 10 वर्ष तक की कैद की सजा हो सकेगी और जुर्माना भी लगेगा। ऐसे अधिकारी–कर्मचारियों को माशिमं के परीक्षा कार्य से प्रतिबंधित भी कर दिया जाएगा।

### एक ही रात में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 115 पकड़ाए


**इंदौर।** शहर में पुलिस ने शनिवार रात को काम्बिंग गश्त चलाई। इस दौरान शहर में हर प्रमुख चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाते 115 लोगों को पकड़ा और उनके कोर्ट चालान बनाए। सभी का दस से लेकर पंद्रह हजार का चालान बनाया गया। पिछले कुछ समय से पुलिस लगातार वीकेंड पर शहर में कॉम्बिंग गश्त कर रही है। कल भी पुलिस ने शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर चेकिंग लगाई थी। लगातार कार्रवाई के बाद भी शहर के लोग शराब पीकर गाड़ी चलाने से बाज नहीं आ रहे है। अब हर वीकेंड पर 100 से अधिक गाड़ियां पकड़ी जा रही हैं।

# सैलाना की छात्रा मीनाक्षी डावर को प्रधानमंत्री ने किया सम्मानित

■ सैलाना/रतलाम

रतलाम के सैलाना के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की छात्रा का हस्तनिर्मित चित्रकला में देश के 6 श्रेष्ठ प्रतिभागियों में चयनित होने से देश में नगर के विद्यालय ने परचम फहराया है।

विद्यालय के कक्षा 9वीं की छात्रा मीनाक्षी प्रकाश डावर देश की उन चुनिंदा प्रतिभागियो में सम्मलित थी, जिन्हें जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किए जाने का न्योता मिला था। इसमें 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जमुई बिहार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मानित किया, साथ ही पीठ थपथपाते हुए भविष्य में उतरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी। इस




अवसर पर केंद्रीय जनजाति कार्यमंत्री जुएल ओराम ने छात्रा के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विभागीय नेस्ट आयुक्त द्वारा बालिका को 15 हजार की नकद राशि प्रदान की गई। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की अध्यापिका मुकेश कुमारी को बधाई देते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सदैव नवोन्मुखी गतिविधियों में प्रेरित करने का सुझाव दिया। जनजाति आयुक्त रतलाम रंजना सिंह, संस्था के प्राचार्य नरेंद्र सिंह गंगवार ने मीनाक्षी को बधाई दी।

# देश में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ रही है लेकिन भाजपा शासित केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है–सीएम आतिशी



**18 नवंबर, नई दिल्ली** पूरे उत्तर भारत में पराली जलने से बढ़ते प्रदूषण के कारण लोगों का सांस लेना दुश्वार हो गया है। बच्चे-बुजुर्गों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। लेकिन भाजपा शासित केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। भाजपा शासित केंद्र सरकार के इस लापरवाह रवैये को सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए साझा करते हुए सीएम आतिशी ने कहा कि, देश में पराली जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है लेकिन भाजपा शासित केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। प्रदूषण के कारण बुजुर्ग सांस नहीं ले पा रहे है, छोटे-छोटे बच्चे एस्ट्रॉयड, इनहेलर लेने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि, हरियाणा, उत्तर-प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश में पिछले 6-7 सालों में लगातार पराली जलाने की घटनाएं बढ़ी लेकिन केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। सीएम आतिशी ने कहा कि, पंजाब इकलौता ऐसा राज्य जहां पराली जलाने की घटनाएं कम हुई है; पराली जलाने की घटनाएं 2021 में 73,300 से घटकर 2024 में 8,404 रह गई जबकि भाजपा शासित मध्य प्रदेश में पराली जलाने की घटनाएं सबसे ज्यादा है। 15 सितंबर से 17 नवंबर तक 9600 घटनाएँ हुई है। जिससे यहाँ के शहरों में हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में है। सीएम आतिशी के भाजपा शासित केंद्र से सवाल पूछते हुए कहा कि,अगर पंजाब सरकार पराली जलाने की घटनाओं को 80% तक कम कर सकती है तो बाकी राज्य क्यों नहीं? क्यों पूरे उत्तर भारत को मेडिकल इमरजेंसी की ओर धकेल दिया गया है? केंद्र सरकार प्रदूषण के मुद्दे पर सिर्फ. राजनीति क्यों कर रही है? पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कोई कदम क्यों नहीं उठा रही है?उन्होंने कहा कि, भाजपा शासित केंद्र राजनीति करना बंद करें और अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पराली जलाने की घटनाओं पर रोकथान लगाएं। सीएम आतिशी ने कहा कि, "आज दिल्ली के लोग बहुत परेशान है। मेरी दिल्ली के लोग सांस नहीं ले पा रहे है। कल रात भर मुझे लोगों के फोन आते रहे। किसी को अपने बुजुर्ग माता-पिता को साँस लेने की दिक्कत के कारण अस्पताल में एडमिट करवाना था तो किसी पेरेंट को अपने छोटे-छोटे बच्चे को देर रात एस्ट्रॉयड के इनहेलर दिलवाना था। उन्होंने कहा कि, "प्रदूषण के कारण बुजुर्ग साँस नहीं ले पा रहे है, उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट होना पड़ रहा है। बच्चे साँस नहीं ले पा रहे है। छोटे-छोटे बच्चों को एस्ट्रॉयड, इनहेलर की जरूरत पड़ रही है। ये सब इसलिए हो रहा है क्योंकि देशभर में पराली जल रही है। एक एक राज्य पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा आज हर राज्य में पराली जलाई जा रही है और केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। सीएम आतिशी ने कहा कि, "आज पूरे उत्तर भारत को मेडिकल इमरजेंसी में धकेल दिया गया है। चाहे दिल्ली हो, चंडीगढ़ हो, राजस्थान में बीकानेर हो, भोपाल हो, पटना हो, लखनऊ हो। आज पूरे देश में वायु की गुणवत्ता(एक्यूआई) बहुत खराब और गंभीर श्रेणी में है। उन्होंने कहा कि, "केंद्र सरकार की संस्था केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रोज एक आँकड़े निकालती है कि, किस शहर में प्रदूषण का स्तर कितना है। कल शाम 7 बजे तक का डेटा देखे तो पूरे उत्तर भारत में हवा की क्वॉलिटी बहुत ज्यादा खराब, गंभीर श्रेणी में है। बहादुरगढ़ में एक्यूआई 445, बल्लभगढ़ में 301, भिवानी में 415, बीकानेर में 403, चूरू में 375, बुलंदशहर में 310, गाजियाबाद-ग्रेटर नोएडा में 362, हाजीपुर में 367, हापुड़ में 351, हिसार में 365 उत्तर भारत के हर शहर में हवा की क्वॉलिटी बहुत खराब है और देशभर में लोग सांस नहीं ले पा रहे है। सीएम आतिशी ने अपने एक्स(ट्विटर) हैंडल से पोस्ट करते हुए कहा कि, "पूरे उत्तर भारत में मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति पैदा हो गई है क्योंकि देश भर में पराली जलाना अनियंत्रित रूप से जारी है। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश और दिल्ली - प्रदूषण के गंभीर स्तर से जूझ रहे हैं। और फिर भी पिछले 5 सालों से पूरे भारत में पराली जलाने की घटनाओं के बढ़ने के बावजूद, केंद्र सरकार ने इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। पूरा उत्तर भारत इसकी कीमत चुका रहा है, खासकर बच्चे और बुजुर्ग जिन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

# - दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने को लेकर गंभीर "आप" सरकार; सीएम आतिशी ने ग्रेप-4 की पाबंदियों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए



**नई दिल्ली, 18 नवंबर 2024** दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने को लेकर दिल्ली सरकार गंभीर है। इस बाबत सीएम आतिशी ने संबंधित विभागों के अफसरों को ग्रेप-4 की पाबंदियों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है। दिल्ली में ग्रैप-क्ष की पाबंदियों के पालन के लिए सीएम आतिशी की मंजूरी मिली है और फाइल अप्रूवल के लिए एलजी को भेजी गई है। इस बाबत साझा करते हुए पर्यावरण मंत्री श्री गोपाल राय ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण की समस्या को देखते हुए दिल्ली में ग्रेप के चौथे चरण की पाबंदियों को लागू करने का निर्णय लिया गया है। सभी सम्बंधित विभागों के साथ मीटिंग कर उनको सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं,ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज प्रदूषण की गंभीर परिस्थिती के कारण बुजुर्गों को काफी तकलीफ हो रही है। बच्चों के स्कूल बंद करने पड़ रहे हैं। आज उत्तर भारत के अंदर बहादुरगढ़ में ए.क्यू.आई. 477, भिवानी में 468, चुरू में 472, गुरूग्राम में 448, धारू हेरा में 410 ए.क्यू.आई. हो गया है। पूरे उत्तर भारत में बदलते मौसम में प्रदूषण का प्रभाव मारक होता जा रहा है। पूरा उत्तर भारत गंभीर प्रदूषण की चपेट में है. लोगों को सांस लेने में दिक़्कत हो रही है. देश का आधा हिस्सा प्रदूषण की चपेट में है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को पहल करके सभी राज्यों के साथ मिलकर के काम करने का समय है। श्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में ग्रेप-4 लागू हो चुका है जिसके अंतर्गत दिल्ली में बड़े ट्रक, बीएस-4 के डीजल वाहन की एंट्री पर प्रतिबंध तथा सभी तरह के निर्माण एवं विध्वंश की गतिविधियों पर पूरी तरह से प्रतिबंद्ध लगा दिया गया है।सिर्फ सी एन जी /इलेक्ट्रिक/बी एस -6 डीजल और आवश्यक वस्तुओं/ सेवाएं प्रदान करने वाली कॉमर्शियल वाहनों को छूट रहेगी। सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है केवल 10 वीं और 12वीं के छात्रों के लिए ही स्कूल खुलेंगे। उनको मास्क देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। स्वाथ्य विभाग को आदेश दिया गया है की वह एक स्पेशल टास्क फौर्स का गठन करे ताकि प्रदूषण संबंधित मरीजों को इलाज किया जा सके। श्री गोपाल राय ने कहा कि हम सब लोग इस बात को जानते हैं कि इसमें पराली का एक महत्वपूर्ण फैक्टर रहा है। पंजाब में जब आम आदमी पार्टी की सरकार 2022 में बनी तो उस समय 15 अक्टूबर से 17 नवम्बर के बीच पराली जलने की कुल 47 हजार घटनाएं रिपोर्ट हुई थी। पंजाब की सरकार ने बहुत काम किया और इसका परिणाम यह हुआ कि 2024 में 15 अक्टूबर से 17 नवम्बर के बीच पराली जलाने की की केवल साढ़े सात हजार घटनाएं हुई हैं। जबकि इसी दौरान उत्तर प्रदेश में 2022 में पराली जलाने की कुल ढेड हजार घटनाएं हुई थी जो आज बढ़कर ढाई हजार हो गई है। एक तरफ हमने पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में लगभग 80 प्रतिशत की कमी लाने में सफल हुए हैं वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। श्री गोपाल राय ने कहा कि यदि केन्द्र सरकार ने जिम्मेदारी लेते हुए सभी संबंधित राज्यों के साथ मिलकर एक संयुक्त कार्ययोजना बनाई होती आज दिल्ली के लोगों तथा पूरे उत्तर भारत के लोगों को यह दिन नहीं देखना पड़ता । मैंने अगस्त के महीने में केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री को इस बाबत पत्र भेजा था आज ढाई महिने हो गए। मैने आग्रह किया था कि वह सभी संबंधित केन्द्रीय एजेंसियों, राज्यों, दिल्ली सरकार और आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर यह कार्य योजना बनाएं जिससे के आज की परिस्थितियों को देखते हुए जब हवा की गति कम होने और ठंढ बढ़ने से स्मोग की चादर बन जाता है तो उसे तोड़ने के लिए कृत्रिम वर्षा कराई जा सके। लेकिन आज ढाई महीने बीतने के बाद भी एक बैठक बुलाने का समय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रही है। आज ग्रेप-4 के प्रावधानों को कड़ाई से लागू करने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ मीटिंग कर यह आदेश जारी किया है कि है ग्रेप-4 के नियमों को लागू करवाने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। गोपाल राय ने कहा कि केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री से आग्रह करना चाहता हूँ कि केन्द्र सरकार सभी राज्यों के साथ मिल कर सार्थक पहल करे और जो भी आवश्यक कदम हैं उसको उठाए ताकि पूरे उत्तर भारत के लोगों के सांस की रक्षा की जा सके।

# संदिग्ध परिस्थियों में सड़क किनारे मिला युवक का शव

## परिवारजनों ने जताई हत्या की आशंका



मौके पर जांच करती सिटी पुलिस और (दाएं) मृतक जोरा सिंह का फाइल फोटो।

कैथल, नवंबर : खुराना रोड पर सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव के पास ही मोटरसाइकिल भी पड़ी हुई थी। मृतक की पहचान गांव मलिकपुर निवासी जोरा सिंह (37) के रूप में हुई है। मृतक कैथल में एक शराब ठेकेदार की गाड़ी पर ड्राइवर की नौकरी करता था। मृतक के परिजन इसे दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या बता रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि जोरा सिंह को पिछले कई दिनों से जान से मारने की धमकियां मिल रही थी। जिसको लेकर वह काफी परेशान रहता था। मालिक ने बताया कि जींद जिले के अलेवा गांव के कुछ व्यक्तियों के साथ जोरा सिंह की रंजिश चल रही थी। जोरा सिंह शनिवार की रात ठेके से अपने घर जा रहा था, उन्हें सुबह पता चला कि उसका शव खुराना रोड पर सड़क किनारे पड़ा है। घटनास्थल पर पहुंचे थाना शहर के जांच अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे उन्हें सूचना मिली थी कि खुराना रोड पर एक एक्सीडैंट हुआ है। मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए नागरिक अस्पताल भेजा गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टद्वया यह एक्सीडैंट का मामला ही लग रहा है। सही बात शव का पोस्टमार्टम होने के बाद ही पता चल पाएगी। धमकी देने की बात की भी जांच की जाएगी।

# पिकअप गाड़ी ने महिला को मारी टक्कर, एक की मौत, 2 घायल

नारनौंद, नवंबर : गांव मोठ रांगडान से माजरा प्याऊ की तरफ जाते समय सीसाय माइनर के पूल के पास पैदल खेतों में मजदूरी के लिए जा रही तीन महिलाओं को एक पिकअप गाड़ी चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। तीनों को घायल अवस्था में नारनौंद के नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां से डॉक्टरों ने महिला सुनीता को मृत घोषित कर दिया और पूजा को हांसी रेफर कर दिया जबकि गुड्डी देवी को उपचार के बाद छुटी दे दी। सूचना मिलते ही नारनौंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर हांसी के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। नारनौंद थाना पुलिस को दिए बयान में गुड्डी देवी ने बताया कि वह गांव मोठ रांगडान की रहने वाली है और मेहनत मजदूरी का काम करती है। 16 नवंबर को मैं मेरे परिवार की बहू पूजा व 37 वर्षीय सुनीता के साथ शनिवार को सुबह करीब 8 बजे गांव मोठ रांगडान से मजदुरी के लिए पैदल पैदल माजरा प्याऊ की तरफ जा रही थी। जब हम तीनो पैदल चलकर माजरा रोड पर पडने वाली सीसाय माइनर के पास पहुंची। हम तीनो आगे पीछे लाईन में चल रही थी। सबसे पीछे सुनिता बीच में पुजा व मै सबसे आगे आगे चल रही थी। उसी दौरान पीछे से एक पिकअप डाला गाड़ी का अज्ञात चालक अपनी पिकअप गाडी को तेजगति, लापरवाही गफलत से चलाता हुआ आया और उन तीनों को पीछे से तेजी से टक्कर मार दी। गाडी की टक्कर लगने से सुनिता व पुजा रोड पर गिर गई और उन दोनों को काफी चोट आई। मुझे थोडी कम चोट लगी। उसके बाद राहगीरो ने साधन का प्रबध करके हम तीनो को ईलाज के लिए नारनौद के नागरिक अस्पताल में ले गए। जहां पर डॉक्टर ने तीनों को चेक सुनीता को मत घोषित कर दिया और पूजा का प्राथमिक उपचार कर उसे हांसी के नागरिक अस्पताल में रैफर कर दिया।

# जमाअत के अखिल भारतीय सदस्य सम्मेलन में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सामुदायिक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर पारित प्रस्ताव

**हैदराबाद, 18 नवंबरः** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद का अखिल भारतीय सदस्य सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में देश-दुनिया के सामने मौजूद कुछ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सामुदायिक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक प्रस्ताव पारित किए गए। तीन-दिवसीय कार्यक्रम में 15,000 से अधिक जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के सदस्यों ने भाग लिया जिसमें सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई तथा आध्यात्मिकता, अंतर-धार्मिक संवाद, मानवाधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों को कवर किया गया। हैदराबाद में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी, जमाअत के उपाध्यक्षों प्रोफेसर सलीम इंजीनियर और मलिक मोतसिम खान ने कहा कि यह सम्मेलन सदस्यों को शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने में सक्षम बनाएगा। 15-17 नवंबर 2024 को हैदराबाद में आयोजित जमात-ए-इस्लामी हिंद के अखिल भारतीय सदस्य सम्मेलन द्वारा पारित प्रस्ताव निम्नलिखित हैंः (1) जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के सदस्यों का यह अखिल भारतीय सम्मेलन इस बात पर चिंता व्यक्त करता है कि सांप्रदायिक ताकतों के लगातार उकसावे ने भारत के मुसलमानों के लिए स्थिति को और अधिक जटिल बना दिया है। उनके संस्थानों,





इबादतगाहों, संपत्तियों और व्यक्तियों को कानूनी जटिलताओं और कभी-कभी अवैध कार्रवाईयों और हिंसा के माध्यम से लक्षित किया जा रहा है। न्यायिक कार्यवाही की धीमी गति न्याय और कानून के शासन पर सवाल उठा रही है। बुलडोजिंग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद, विभिन्न सरकारें उदासीनता अन्यायपूर्ण विध्वंस जारी रखी हैं। जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने वालों को पूरी ताकत से दबाया जा रहा है। यह सम्मेलन इस स्थिति को न केवल मुसलमानों बल्कि पूरे देश के लिए गंभीर खतरा मानता है और आगाह करता है कि अगर नफरत की इस आंधी को नहीं रोका गया तो यह पूरे देश को अपनी चपेट में ले लेगी। यह सम्मेलन नये वक्फ बिल को पूरी तरह खारिज करता है। यह एक स्वागत योग्य पहलू है कि मुसलमानों ने वक्फ बिल की खामियों और उससे होने वाले बड़े नुकसान को जनता के सामने स्पष्ट करने का प्रयास किया है। जमाअत ने जेपीसी के सामने भी अपना पक्ष पूरी स्पष्टता के साथ रखा है और मांग की है कि लोगों की इच्छा को ध्यान में रखते हुए इस बिल को सिरे से खारिज कर दिया जाए। यह सम्मेलन इस मांग का पुरजोर समर्थन करती करता है।

# राहुल गांधी ने पीएम मोदी के नारे एक हैं तो सेफ हैं पर कसा तंज


## रोजगार, महंगाई, और किसानों के मुद्दे पर भाजपा पर बरसे राहुल गांधी



**नई दिल्ली, 18 नवंबर** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' नारे पर करारा हमला किया है। महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन उन्होंने फिर से आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से अडानी को बड़े प्रोजेक्ट दिए गए हैं। इनमें धारावी भी शामिल है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री और अडानी के बीच सांठगांठ को उजागर करते हुए 'एक हैं तो सेफ हैं' का मतलब समझाया। सोमवार को महाराष्ट्र के मुंबई में पत्रकार वार्ता करते हुए उन्होंने एक तिजोरी सबके सामने रखी। उस पर लिखा था, 'एक हैं तो सेफ हैं'। राहुल गांधी ने तिजोरी के अंदर से दो पोस्टर निकाले। इसमें से एक पर प्रधानमंत्री मोदी- उद्योगपति गौतम अडानी की तस्वीर थी और दूसरे पर धारावी परियोजना की। इन्हें दिखाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि एक- नरेंद्र मोदी, अडानी, अमित शाह हैं और सेफ- अडानी हैं। इसमें नुकसान महाराष्ट्र की जनता का है, धारावी की जनता का है। छोटे और मध्यम उद्योगों के केंद्र धारावी को एक व्यक्ति के लिए खत्म किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडानी के बीच सांठगांठ को उजागर करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव गरीबों और चंद अरबपतियों के बीच का चुनाव है। अरबपति चाहते हैं कि मुंबई की जमीन उन्हें मिले। करीब एक लाख करोड़ रुपये एक अरबपति को देने की तैयारी है। उन्होंने आगे कहा, धारावी की जमीन स्थानीय लोगों की है। वे वहां वर्षों से रह रहे हैं। धारावी के पुनर्विकास में कई सारी समस्याएं हैं। मैंग्रोव (सामुद्रिक जड़ वनस्पति) की जमीन छीनी जा रही है। एक व्यक्ति के लिए सारे नियम बदल दिए गए। देश के पोर्ट, एयरपोर्ट, डिफेंस इंडस्ट्री, धारावी समेत सब कुछ उस एक व्यक्ति को सौंपा जा रहा है, जिसका प्रधानमंत्री से पुराना रिश्ता है। प्रधानमंत्री की मदद के बिना अडानी धारावी की जमीन लोगों से नहीं ले सकते हैं। आज धारावी के लोगों के हित को नकारा जा रहा है और अडानी के हित को पूरा समर्थन दिया जा रहा है। महाराष्ट्र का धन यहां की जनता को मिलेगा या फिर एक व्यक्ति को मिलेगा, यही चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा है।

# अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में राजस्थान दिवस पर सॉस्कृतिक संध्या।

## राजस्थान के लोक कलाकारों ने समां बांधा




**नई दिल्ली, 18 नवम्बर, 2024।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 43वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में सोमवार की सांय एमफी थियेटर पर राजस्थान के लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रा मुग्ध हो गये। कार्यक्रम के प्रारंभ में राजस्थान पर्यटक स्वागत केन्द्र की उप निदेशक श्रीमती दीपाली शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थान की दिल्ली में संयुक्त आवासीय आयुक्त श्रीमती रिंकू मीना और जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवराम मीना सहित अन्य कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद थे। श्रीमती दीपाली शर्मा ने बताया कि दो घंटे से भी अधिक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में कालबेलियाँ नृत्य की प्रस्तुति सबसे आकर्षक रही। उन्होंने बताया कि जोधपुर के सुआ सपेरा और उनके दल की नृत्यांगनाओं ने शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने शरीर को रबर की गुड़ियां की तरह तोड़ मोड़कर गजब की लचक के साथ ऐसा अनूठा नृत्य प्रस्तुत किया कि दर्शक तालियां बजाने को मजबूर हो गये। नृत्यांगनाओं ने मुंह और आंखों की पलकों से अंगूठी उठाकर भारी करतल ध्वनि अर्जित की। पर्यटक स्वागत केन्द्र के सहायक निदेशक श्री छत्रपाल यादव ने बताया कि सांस्कृतिक संध्या के प्रारम्भ में बाड़मेर से आए श्री भुंगर खान एवं उनके दल के सदस्यों ने खड़ताल वादन एवं गायन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने बताया कि भरतपुर के श्री गफरूद्दीन मेवाती एवं पार्टी ने भपंग वादन से समा बांधा। दिल्ली की सुश्री कल्पना चैहान एवं उनकी संगनियों द्वारा प्रस्तुत घूमर नृत्य पर उपस्थित आंगतुकों ने तालियां बजाकर उनकी प्रशंसा की। पर्यटक स्वागत केन्द्र के पर्यटन अधिकारी श्री मनोज शर्मा ने बताया कि पाली से आई श्रीमती गंगा देवी और पार्टी ने तेरह ताल नृत्य और बारां से आये श्री शिवनारायण एवं उनके दल ने चकरी नृत्य से सभी का मन हर्षित किया। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जयपुर के श्री जीतु भवई के भवई नृत्य और दिल्ली के श्री अनीसुद्दीन और उनके दल द्वारा प्रस्तुत चरी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के उद्घोषक अलवर के श्री खेमेन्द्र सिंह थे।

# दिल्ली कैबिनेट में कैलाश गहलोत की जगह लेंगे आप विधायक रघुविंदर शौकीन




**दिल्ली।** कैलाश गहलोत के भाजपा में शामिल होने के कुछ ही मिनटों बाद, आम आदमी पार्टी ने सोमवार को कहा कि रघुविंदर शौकीन कैबिनेट मंत्री के रूप में उनकी जगह लेंगे। गौरतलब है कि शौकीन नांगलोई जाट से विधायक हैं। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए रघुविंदर शौकीन ने कहा कि सभी शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद। उन्होंने कहा कि आपने सभी जातियों का समर्थन किया है। भाजपा ने हमेशा जाटों को विभाजित किया है। भाजपा ने हरियाणा में जाट-गैर-जाट किया है। आप में सभी को मौका दिया गया है। शौकीन ने कहा कि मैं इसे (दिल्ली विधानसभा चुनाव) चुनौती नहीं मानता क्योंकि आप और अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के विकास के लिए बहुत काम किया। मुझे पूरा भरोसा है कि जनता अरविंद केजरीवाल को चौथी बार दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने हमारे (जाट) समुदाय के साथ कभी अच्छा व्यवहार नहीं किया है। हरियाणा चुनाव में उन्होंने एक तरह से (जाट-गैर-जाट) चुनाव लड़ा ताकि जाट समुदाय विजयी न हो सके और जाट समुदाय का मुख्यमंत्री न चुना जा सके। रघुविंदर शौकीन दिल्ली की छठी विधानसभा के सदस्य हैं और आम आदमी पार्टी के सदस्य हैं और दिल्ली के नांगलोई जाट (विधानसभा क्षेत्र) का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह एनआईटी (तत्कालीन आरईसी) कुरूक्षेत्र से इंजीनियरिंग (1983-88) में स्नातक हैं और कॉलेज के दिनों में राजनीति में सक्रिय रहते थे। इस बीच, पार्टी की दिशा और आंतरिक चुनौतियों पर गहरी चिंता का हवाला देते हुए रविवार को आप से इस्तीफा देने वाले कैलाश गहलोत केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और अन्य भाजपा नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए। कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोच रहे होंगे कि ये फैसला रातों-रात और किसी के दबाव में लिया गया है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैंने आज तक कभी किसी के दबाव में कुछ नहीं किया। उन्होंने ककहा कि मैं सुन रहा हूं कि एक कहानी बनाने की कोशिश की जा रही है कि यह ईडी और सीबीआई के दबाव में किया गया था लेकिन यह सब गलत है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि आज दिल्ली के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत भाजपा में शामिल हो गए हैं। यह दिल्ली की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है क्योंकि दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री भाजपा में शामिल हो गए हैं।

# राहुल बोले- झारखंड के खिलाफ काम कर रही मोदी सरकार, नहीं दिए राज्य के 1.36 लाख करोड़ रुपये

## झारखंड के मुख्यमंत्री आदिवासी हैं, इसलिए झूठे आरोप लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया गया



**नई दिल्ली, 18 नवंबर** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार झारखंड के खिलाफ काम कर रही है। वह राज्य का 1.36 लाख करोड़ रुपये नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि ये पैसा अडानी या नरेंद्र मोदी का नहीं है, ये झारखंड की जनता की शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास पर खर्च होने वाला पैसा है। ये पैसा झारखंड को मिलना चाहिए था, जिसे मोदी सरकार ने नहीं दिया। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन झारखंड के रांची में पत्रकार वार्ता करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि एक तरफ इंडिया गठबंधन संविधान की रक्षा कर रहा है, दूसरी तरफ भाजपा-आरएसएस संविधान पर आक्रमण कर रहे हैं। राहुल गांधी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर भी भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच आदिवासियों के खिलाफ है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को डराने-धमकाने की कोशिश की गई, उन पर झूठे आरोप लगाकर गिरफ्तार किया गया, लेकिन वो पीछे नहीं हटे। हेमंत सोरेन के खिलाफ ये सब इसलिए किया गया, क्योंकि वो आदिवासी हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की सही आबादी और भागीदारी कोई नहीं जानता। बड़ी-बड़ी कंपनियों के मालिकों या मैनेजमेंट की लिस्ट में दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग के लोग नहीं दिखते। कांग्रेस पता लगाना चाहती है कि हिंदुस्तान के पावर स्ट्रक्चर में ये लोग कहां हैं। देश चलाने में इन वर्गों की कितनी भागीदारी है। जातिगत जनगणना का यही मकसद है। इंडिया गठबंधन देश में जातिगत जनगणना कराएगा और देशवासियों को बताएगा कि किसकी कितनी भागीदारी है। झारखंड में भी जातिगत जनगणना कराई जाएगी और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाया जाएगा। राज्य में एसटी वर्ग को 28 प्रतिशत, एससी वर्ग को 12 प्रतिशत और ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा।

# खरगे बोले- भाजपा के साथ जाने वाले गद्दारों को सबक सिखाए महाराष्ट्र की जनता

## नरेंद्र मोदी अपने दो दोस्तों को खुश करने के लिए देश के गरीब लोगों को बर्बाद कर देना चाहते हैं



**नई दिल्ली, 18 नवंबर** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव रिश्वत के बल पर बनी चोरी की सरकार को हटाने का अवसर है। उन्होंने आह्वान किया कि पैसे लेकर भाजपा की झोली में गिरने वाले गद्दारों को महाराष्ट्र की जनता सबक सिखाए। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन महाराष्ट्र के पालघर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि यह महाराष्ट्र के स्वाभिमान का मामला है, इसलिए महायुती सरकार को हटाकर महाविकास आघाड़ी की सरकार को लाना है। जनता की भारी भीड़ से उत्साहित खरगे ने महायुती सरकार पर बड़े पैमाने पर रोजगार देने वाली परियोजनाओं को दूसरे राज्यों में स्थानांतरित करके महाराष्ट्र के लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसके कारण महाराष्ट्र में पांच लाख से अधिक नौकरियां छिन गईं। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में महायुती सरकार धारावी की करीब एक लाख करोड़ रुपये की ह्यजनता की जमीनह्न अडानी को सौंप रही है। उन्होंने कहा कि मोदी मानते हैं कि अगर उनके दो दोस्त खुश हैं तो पूरा देश खुश रहेगा। नरेंद्र मोदी अपने दो दोस्तों को खुश करने के लिए देश के गरीब लोगों को बर्बाद कर देना चाहते हैं। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने बड़े-बड़े उद्योग स्थापित किए, जिनसे बड़ी संख्या में रोजगार पैदा हुए। नरेंद्र मोदी अब उन्हें घाटे में डालकर अपने दोस्तों को औने-पौने दामों पर बेच रहे हैं, जिससे बेरोजगारी पैदा हो गई है। खरगे ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने चंद अरबपति दोस्तों का 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिया। जबकि अगर कोई किसान, मजदूर या छोटा व्यापारी कर्ज नहीं चुकाता है तो उसकी जमीन, घर और अन्य संपत्ति जब्त कर ली जाती है।

# अवैध झोलाछाप अस्पताल संचालक महिला की जान जोखिम में डाल हुआ फरार



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** क्षेत्र में अवैध झोलाछाप क्लिनिक संचालको का कहर जनता पर भारी पड़ रहा है इसकी एक बानगी फिर सोमवार को वायरल वीडियो के बाद सामने आई जिसमें महिला के पति ने अस्पताल संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, बताते चलें कि नगर के रहरा रोड स्थित एक अवैध निजी क्लीनिक पर कोतवाली क्षेत्र के गांव रखेड़ा निवासी दुलीचंद ने अपनी पत्नी राजेंद्र राजेंद्री का 9 दिन पूर्व पित्त की थैली का पथरी का ऑपरेशन कराया था, ऑपरेशन के बाद महिला को ब्लीडिंग शुरू हो गई और उसकी हालात बिगड़ी चली गई और अस्पताल संचालक ने बिना पति व अन्य परिजनों की सहमति के महिला को मेरठ रेफर कर दिया और मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया लेकिन 9 दिन बीतने के बाद भी महिला की हालत में सुधार नहीं हुआ जिसको लेकर महिला के पति दुलीचंद ने एक वीडियो वायरल कर हसनपुर रहरा रोड स्थित एक निजी अवैध अस्पताल संचालक पर पित्त की थैली के ऑपरेशन में लापरवाही बरतने तथा बिना सहमति के मेरठ के अस्पताल में भर्ती करने आदि का आरोप लगाते हुए अस्पताल संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, वही जब इस मामले में हसनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ निजी अस्पताल पहुंचे तो पता लगा कि अस्पताल संचालक पहले से ही अपना सामान लेकर भाग चुका है, वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच बैठा दी है और अस्पताल संचालक की तलाश की जा रही है, आपको बता दें कि अमरोहा जिले की जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा अमरोहा जिले का चार्ज लेते ही अवैध निजी क्लिनिक संचालकों, मेडिकल स्टोर, झोलाछाप डॉक्टर आदि के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया गया था ऐसे में जनता फिर से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स से न्याय एवं जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे इन निजी अवैध झोलाछाप डॉक्टर से जनता के जीवन की रक्षा की उम्मीद जाता रही है, अब देखना यह है कि क्या जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स फिर से इन कुकुरमुत्ता की तरह गली-गली में अवैध क्लिनिक एवं अस्पताल खोलकर बैठे संचालकों के खिलाफ क्या कार्यवाही करेंगी या फिर जनता को अभी और इंतजार करना होगा।

# हसनपुर गजरौला मार्ग पर कार ने बाइक में मारी टक्कर एक छात्र की मौत, दो घायल



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर /गजरौला।** सोमवार को हसनपुर गजरौला मार्ग पर मनौटा गांव के निकट एक बाइक पर सवार तीन छात्रों को अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, इस टक्कर में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो छात्र घायल हो गए, घायलों को गजरौला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया तथा वहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, बताते चलें कि हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अगापुर उर्फ याकूबपुर निवासी आकाश पुत्र नन्हे, गांव लुहारी खादर निवासी जितेंद्र पुत्र मेकपाल व गांव मनौटा निवासी अंकित पुत्र मूलचंद तीनो बाइक से गजरौला जा रहे थे जैसे ही बाइक हसनपुर गजरौला मार्ग पर मनौटा पुल के पास पहुंची तभी सामने से आ रही अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक पर सवार तीनों घायल हो गए, तथा आकाश पुत्र नन्हे निवासी ग्राम अगापुर की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा पुलिस ने घायलों को वह मृतक को गजरौला सी एच सी में भर्ती कराया जहां से दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा पुलिस मामले में अग्रिम कार्रवाई कर रही है वहीं ग्राम अगापुर उर्फ याकूबपुर में आकाश पुत्र नन्हे की मौत की खबर से शोक की लहर दौड़ गई।

# अधिवक्ताओं ने तहसील गेट पर किया प्रदर्शन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के द्वारा तहसील गेट पर जनपद गाजियाबाद जिला एवं सत्र न्यायालय में अधिवक्ताओं के साथ हुए पुलिस दुर्व्यवहार के विरोध में अपराह्न 1 बजे, मंडी समिति स्थित तहसील परिसर के गेट पर एकत्र होकर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध प्रदर्शन कर आधे घंटे तक सड़क जाम किया। उससे पूर्व बैठक में बार अध्यक्ष गंगासरन ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा निबंधन मित्र योजना के अंतर्गत प्रस्ताव बनाकर कैबिनेट को भेज कर अधिवक्ताओं के हितों के विपरीत कुठाराघात करने का कार्य किया है जिसकी हम घोर निंदा करते हैं। हमारी बार शीघ्र ही जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को इस संबंध में ज्ञापन द्वारा अपना विरोध दर्ज करायेंगे। बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्त एडवोकेट ने कहा कि गाजियाबाद के अधिवक्ताओं के विरुद्ध पुलिस प्रशासन के द्वारा किए गए फर्जी मुकदमे एवं जिला जज अनिल कुमार दशम के द्वारा अधिवक्ताओं के साथ की गई अभद्रता के विरुद्ध, हमारी बार गाजियाबाद के अधिवक्ताओं के साथ आंदोलन की सफलता तक लगातार संघर्ष में साथ देगी। आगामी 29 नवंबर 2024 को हमारी बार का प्रतिनिधिमंडल प्रयागराज में होने वाले अधिवक्ता प्रदर्शन कर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपेंगे।पूर्व अध्यक्ष विनोद सक्सेना ने कहा अधिवक्ता न्यासी समिति के सदस्य अधिवक्ता साथियों के जमा धनराशि एवं उनके प्रमाण पत्रों के संबंध में बार का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र लखनऊ जाएगा। बैठक के उपरांत अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जुलूस निकालकर तहसील के गेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से बार एसोसिएशन हसनपुर के अध्यक्ष गंगासरन, महासचिव सुरमित कुमार गुप्त एडवोकेट, उपाध्यक्ष फतेह सिंह, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शिवचरन सिंह, श्योराज सिंह राणा, दिनेश गुप्ता, हरिओम शर्मा, ऋषिपाल सिंह चौहान, पूर्व अध्यक्ष नरेश पाल सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, सुबोध शर्मा, महावीर सिंह, सुनील भटनागर,आफताब आलम, राजेंद्र सिंह, वीर सिंह, मुजाहिद हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# अमरोहा एसपी ने चार इंस्पेक्टरो का किया ट्रांसफर



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा।** सोमवार को अमरोहा पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने चार इंस्पेक्टर का ट्रांसफर कर दिया साथ ही नौगांवा सादात और रजवपुर थाना प्रभारी को भी इधर से उधर किया गया, बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने चार प्रभारी निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल करते हुए नई तैनाती दी जिसमें प्रभारी न्यायालय सुरक्षा में लगे इंस्पेक्टर लोकेंद्र पाल सिंह को प्रभारी मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी इंस्पेक्टर जयकुमार को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा का चार्ज दिया गया है, जबकि नौगांव सादात इंस्पेक्टर प्रेमपाल सिंह को राजापुर थाने का इंस्पेक्टर बनाया गया है वहीं अब तक रजवपुर थाने में तैनात प्रभारी सुनील कुमार को नौगांव सादात थाने का प्रभारी बनाया गया है, एसपी ने सभी को तत्काल चार्ज लेने करने के निर्देश दिए हैं, चार इंस्पेक्टर्स के कार्य क्षेत्र में फेरबदल के बाद पुलिस महक में के अन्य इंस्पेक्ट्रो में भी हड़कंप मचा हुआ है।

# कविता सैनी विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति ईकाई की नगर संयोजिका मनोनीत



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** रविवार को विश्व हिन्दू परिषद, बंजरग दल की एक बैठक नगर के प्राचीन झारखंड महादेव शिवाला मन्दिर परिसर में आयोजित की गई, जिसमें बंजरगदल के आगामी कार्यक्रम शौर्य दिवस 08 दिसम्बर पर नगर में शौर्य यात्रा का आयोजन करने की रूपरेखा बनाई गयी, वहीं दो दिन पूर्व नगर के गजरौला रोड स्थित प्याऊ के पास बाग में मिले गो वंश पशुओं के अवशेष के मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार न किए जाने को लेकर पुलिस की कार्य प्रणाली के प्रति रोष प्रकट किया, तथा जल्द ही आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई, साथ ही गौरव प्रताप विभाग संगठन मंत्री विश्व हिन्दू परिषद द्वारा श्रीमती कविता सैनी को विश्व हिन्दू परिषद की मातृशक्ति ईकाई की नगर संयोजिका के नवीन दायित्व की घोषणा की गयी। बैंठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद हसनपुर के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल,नगर मंत्री अमित शर्मा, अशोक कुमार रस्तोगी, बजरंग दल संयोजक राहुल हिन्दुस्तानी,श्रीमती कविता सैनी संयोजिका मातृशक्ति,वरूण अग्रवाल, अंकुर प्रजापति,शिवकिशोर सिहं, कोमल कुमार ,निशान्त चौहान, अभिषेक सिहं, विकास कुमार, भोला त्यागी, आदित्य, ओमकार, पंडित पप्पू गिरी आदि संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का नवम दीक्षांत समारोह

**लोकतंत्र की शान/ (कौशल रस्तोगी)**




**लखनऊ।** 18 नवंबर 2024 ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के नवम दीक्षांत समारोह का आयोजन सोमवार को भव्यता के साथ संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) के महानिदेशक प्रो. शिशिर सिन्हा उपस्थित रहे। उच्च शिक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने विशेष अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। समारोह को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दीक्षांत समारोह को विद्यार्थियों के शैक्षिक और नैतिक विकास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि दीक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि छात्र के समग्र व्यक्तित्व विकास और उसके नैतिक मूल्यांकन का प्रमाण है। उन्होंने भारतीय शिक्षा प्रणाली की "तमसो मा ज्योतिर्गमय" की परंपरा को रेखांकित करते हुए शिक्षा को समाज में प्रगतिशीलता और संस्कृति के संवर्धन का माध्यम बताया। उच्च शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों की सराहना करते हुए "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान, संस्कृत भाषा उन्नयन कार्यशाला, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर संगोष्ठी, और "नो फ्लेम कुकिंग" जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं को उल्लेखनीय बताया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के लिए कक्षाओं के संचालन को समाजसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया, विश्वविद्यालय के शिक्षक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध कार्य और पेटेंट में योगदान दे रहे हैं, जबकि विद्यार्थी विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा के वैश्विक मानकों तक पहुंचाने की दिशा में उनके प्रयासों को सराहा। समारोह में बड़ी संख्या में छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। उच्च शिक्षा मंत्री ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे न केवल अपनी शिक्षा को सार्थक करेंगे, बल्कि अपने ज्ञान और कौशल से भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाने में योगदान देंगे।

# पुलिस की पाठशाला में सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बालिकाओं को किया जागरूक

## उत्कर्षिनी पुस्तक का हुआ विमोचन

**लोकतंत्र की शान /लखनऊ ब्यूरो (देवेंद्र शर्मा)**

**लखनऊ।** नक्षत्र फाउंडेशन के तत्त्वावधान में लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के प्रेमचंद सभागार में डा. ऋचा आर्या के संपादन में प्रकाशित "उत्कर्षिनी" पुस्तक का विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि और वक्ता के रूप में उपस्थित सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व (प्रभारी पुलिस कंट्रोल रूम व 112 आर ओ आई पी, उन्नाव ) ने पुलिस की पाठशाला चर्चा परिचर्चा में महिलाओं तथा बालिकाओं को आत्म सुरक्षा , साइबर क्राइम और पुलिस सहायता के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के निर्देशन में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है । किसी भी अप्रिय घटना की आशंका होने या कोई अपराध घटने पर उसे छुपाने की बजाय अपने शुभचिंतकों को जरूर बताएं और बेझिझक होकर स्थानीय पुलिस थाना, महिला थाना या हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें ' अनूप मिश्रा ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181 - महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा,1076




- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 -पुलिस आपातकालीन सेवा,1098- चाइल्ड लाइ?,102 -स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया। वन स्टॉप सेंटर की हेड अर्चना सिंह ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर महिलाओं और बालिकाओं को हिंसा से बचाने के लिए स्थापित किया गया संकट मोचक केंद्र है। इन केंद्रों में पीड़ित महिलाओं को एक ही जगह पर कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं इनमें चिकित्सा, काउंसलिंग, पुलिस-डेस्क, विधि सहायता, और अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बी0 डी0 चौधरी (अपर निदेशक दीन दयाल उपाध्याय, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान) अर्जुन देव भारती (संयुक्त सचिव आई0 टी0 एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) जयशंकर प्रसाद झा (उप सचिव एवं मुख्य व्यवस्थाधिकारी,सचिवालय प्रशासन विभाग) अर्चना सिंह (वन स्टॉप सेंटर हेड, महिला कल्याण विभाग ) रीना सिंह (चेयर पर्सन बाबू सुन्दर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ) डॉ प्रतिभा सचान (निदेशक, अर्नव ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस) डॉ कविता श्रीवास्तव, (सहायक आयुक्त, राज्य कर मुख्यालय, ) एवं सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व (प्रभारी - पुलिस कंट्रोल रूम/112 आर ओ आई पी , उन्नाव) को डा.ऋचा आर्या और डा.उदय प्रताप सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पुस्तक के विमोचन के साथ "उत्कर्षिनी" सम्मान का भी आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रसिद्ध लेखिका डा. रंजना डीन ( असिस्टेंट प्रोफेसर एमिटि यूनिवर्सिटी ), रीना पाण्डेय ( सीनियर सब इंस्पेक्टर ) सहित कई शख्सियतों के साथ शिक्षा एवं साहित्य जगत में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के बच्चों के साथ- साथ संस्था की संरक्षक रेखा झा, अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष विनोद राय, उप सचिव सोनम सिंह एवं पुस्तक की सह सम्पादक डॉ रेखा यादव उपस्थित रही।

# अमीनाबाद पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे चार शातिर चोरो को

## लोकतंत्र लखनऊ शिवम मिश्रा थाना अमीनाबाद पुलिस के हाथ लगे शतिर चोर

**लखनऊ ।** खाली घरों की रेकी करके करते थे प्लैनिंग के साथ चोरी अमीनाबाद की हिवेट रोड पर घर के ऊपर चढ़कर अलमारी के लॉकर का ताला तोड़कर घर में रखें कीमती जेवरात करीब 11 लाख रुपए चोरी की और घर वालों को जान से मारने की धमकी दी जिसके बाद किया गया चोरी का सामान गला कर बेचना और पैसों के साथ सरोजनी देवी धर्मशाला थाना अमीनाबाद बड़ी मशक्कत के बाद इनको पकड़ पाया है इन चारों चोरों में से एक नाबालिक पाया गया है जिसको बाल सुधार ग्रह भेजा गया है चारों एक साथ टीम बनाकर करते थे चोरी जिनको कई धाराएं लगाकर भेजा गया जेल इन सबको अलग-अलग स्थान से पकड़ा गया



# वामा सारथी संस्था द्वारा पुलिसकर्मी व उनके परिवार के लिए हुई पहल





**लोकतन्त्र की शान संवाददाता**

**लखनऊ।** पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों के स्वास्थ्य हितों को ध्यान में रखते हुए वामा सारथी संस्था द्वारा पहल की गई, साथ ही संस्था की अध्यक्षा वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन लखनऊ में भव्य रूप से 'होम्योपैथिक परामर्श केन्द्र' का किया गया लोकार्पण।

# सीएम योगी ने किए बाबा वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन

## पंडा समाज ने किया उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का स्वागत



**लखनऊ, 18 नवंबर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सोमवार को झारखंड में तीन रैलियों को संबोधित किया। उनकी आखिरी रैली देवघर में भाजपा प्रत्याशी व विधायक नारायण दास के लिए हुई। रैली के उपरांत मुख्यमंत्री द्वादश ज्योतिर्लिंग में शामिल बाबा वैद्यनाथ के दर्शन-पूजन किए। सीएम ने यहां जलाभिषेक किया, फिर आरती कर बाबा से सुखद व समृद्ध भारत की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वैद्यनाथ धाम पहुंचने पर पंडा समाज ने जोरदार स्वागत किया। समाज के लोगों ने सीएम को माल्यार्पण व अंगवस्त्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां लोगों से परिचय प्राप्त कर कुशलक्षेम जाना। यहां मौजूद लोगों ने सीएम को विश्वास दिलाया कि देवघर के साथ ही झारखंड में बाबा के भक्त ही जीतेंगे और यहां भाजपा सरकार बनाएगी। यहां हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी का अभिनन्दन किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद व झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे आदि मौजूद रहे।

# एनडीए सरकार बनने पर घुसपैठियों को लात मारकर निकालेंगे: योगी

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन झारखंड में की तीन रैली

**साहिबगंज/जामताड़ा/देवघर, 18 नवंबर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आादित्यनाथ चुनाव प्रचार के आखिरी दिन झारखंड में रहे। कांग्रेस, झामुमो व राजद पर हमलावर सीएम ने कहा कि झारखंड के विकास का जो सपना अटल जी ने देखा था, इन पार्टियों ने उस पर पानी फेर दिया। प्राकृतिक रूप से धनी झारखंड भौतिक विकास में पिछड़ गया। झा?खंड की जनता गरीब ही रह गई, लेकिन इन पार्टियों के नेता के घरों में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। कांग्रेस सांसद व झामुमो मंत्री आलमगीर-उसके नौकरों के घर करोड़ों रुपये मिले, जिसने गिनते-गिनते मशीन गर्म हो गई। एक-दो नहीं, बल्कि 70 मशीनें मंगाई गई। यह पैसा कांग्रेस, झामुमो व राजद का नहीं, बल्कि मोदी जी द्वारा झारखंड के विकास के लिए भेजा गया था। इन्होंने जितना लूटा है, 23 नवंबर के बाद एक-एक पाई का हिसाब होगा। यह पैसा झारखंडवासियों के घर आएगा। सीएम ने विश्वास दिलाया कि एनडीए सरकार बनने के बाद घुसपैठियों को लात मारकर निकालेंगे।

**जहां भी डबल इंजन सरकार, वहां घुसपैठियों के लिए जगह नहीं**

सीएम योगी ने कहा कि राजमहल, साहबगंज व आसपास के क्षेत्र को बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्या मुसलमानों का अवैध गढ़ बनाने का काम हो रहा है, लेकिन जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की डबल इंजन सरकार है, वहां घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। वहां दंगा, कर्फ्यू और गुंडागर्दी नहीं, बल्कि समृद्धि व सुशासन है। यूपी में डबल इंजन सरकार होने के कारण वहां कोई घुसपैठ, गोहत्या, बेटी की इज्जत से खिलवाड़ नहीं कर सकता, किसी ने ऐसा किया तो यमराज के घर का टिकट पक्का है। यह कार्य केवल भाजपा गठबंधन कर सकती, झामुमो व कांग्रेस नहीं।

**घुसपैठियों को सेंधमारी का अवसर नहीं देना है**

सीएम योगी ने कहा कि पहले चरण का मतदान बता रहा है कि भाजपा नेतृत्व की एनडीए सरकार दो तिहाई से अधिक सीटों पर विजयी होकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। सीएम ने 'मोदी की गारंटी' गिनाते हुए कहा कि 23 नवंबर को झारखंड में भाजपा सरकार आने के बाद 21 लाख परिवारों को पीएम आवास देंगे। डेढ़ लाख सरकारी नौकरी का विज्ञापन भी जारी करेंगे। उन्होंने अपील की कि घुसपैठियों



को सेंधमारी का अवसर नहीं देना है। भाजपा सरकार बनने के बाद इन घुसपैठियों को लात मारकर बाहर करेंगे। इनके रहनुमाओं से हिसाब होगा। सीएम ने चेताया कि जब-जब बटे थे तो कटे थे। अब बंटना नहीं है। जाति के नाम पर बांटने वाले नेता समाज व देश के दुश्मन हैं, इनसे सजग रहना है।

**गरीब एक ट्रॉली बालू के लिए तरसता है और यह लोग अवैध माइनिंग कराते हैं**

सीएम योगी ने कहा कि दुश्मन 2014 के पहले घुसपैठ करते थे, लेकिन आज वे भारत में घुसने का दुस्साहस नहीं कर सकते। यह लोग अवैध माइनिंग कराते हैं, लेकिन गरीब एक ट्रॉली बालू के लिए तरसता है। खनन-बालू माफिया झारखंड को खोखला बना रहे हैं, जबकि यूपी में माफिया पर सख्ती है। खनन, कोल, वन, पशु, भूमाफिया झारखंड को खोखला, नागरिकों को गरीब और नौजवानों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। झामुमो सरकार ने रोटी, बेटी व माटी पर संकट खड़ा कर दिया है।

# हरियाणा

# हरियाणा हाऊसिंग बोर्ड की रद्द हुई डिफैंस फ्लैट्स स्कीम में फंसे सैनिकों के 110 करोड़ रुपए, रिफंड पाने के लिए भटक रहे सैनिक परिवार

## 11 स्थानों पर स्कीम रद्द होने के बाद भी जमा पूंजी रिफंड नहीं होने से ऑलाटियों में बढ़ी नाराजगी

### ऑल सैक्टर रेजिडेनटस वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप वत्स ने मुख्यमंत्री से की हस्तक्षेप की मांग

चंडीगढ़, नवंबर : हाऊसिंग बोर्ड द्वारा वर्ष 2014 में लॉन्च की गई डिफैंस फ्लैट्स स्कीम 10 साल बाद भी सिरे नहीं चढ़ पाई है। स्कीम में हजारों सैनिकों व उनके परिवारों के करोड़ो रुपए पिछले 10 साल से फंसे हुए हैं। क्योंकि हाऊसिंग बोर्ड ने जगह एक्वायर न होने के चले फरवरी 2023 में इस स्कीम को कुल 11 स्थानों पर रद्द कर दिया था। लिहाजा स्कीम रद्द होने के बाद सैनिकों को उनके द्वारा एडवांस किस्त के रूप में जमा कराया गया पैसा रिफंड किया जाना था, जो आज तक नहीं हुआ, जिसे लेकर प्रभावित परिवार लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। बोर्ड कार्यालयों में भटक रहे हैं। बावजूद इसके अधिकारी यह पैसा रिफंड नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते स्कीम से जुड़े सैनिक परिवारों में भारी नाराजगी है। इसे लेकर ऑल सैक्टर रेजिडेनटस वेलफेयर एसोसिएशन ने पूरे मामले में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हस्तक्षेप की मांग हैं।

### हाऊसिंग बोर्ड पर 110 करोड़ रुपए की देनदारी

**आंकड़ों** की बात करें तो यह स्कीम जिन 11 स्थानों पर रद्द हुई है। उसमें फ्लैट टाइप ए व बी के कुल 4409 ऑलाटी हैं। जिनमें से पिछले 10 साल में लगभग 1791 ऑलाटी निर्माण कार्य में देरी के कारण अपने फ्लैट (एप्लिकेशन) सरेंडर कर चुके हैं जबकि कुल 2618 ऑलाटी ऐसे हैं, जो आज भी स्कीम का हिस्सा बने हुए हैं। जिनका लगभग 160 करोड़ रुपए बोर्ड को रिफंड करना है। बोर्ड पिछले दस साल में मात्र 50 करोड़ रुपए सेविंग बैंक ब्याज दर से रिफंड की गई है जबकि बोर्ड को सैनिकों को लगभग 110 करोड़ रुपए से अधिक पैसे रिफंड करने बाकी हैं।

### इन 11 स्थानों पर रद्द हुई स्कीम

**गुरुग्राम** सैक्टर-102, ए, गुरुग्राम सैक्टर-106, फरीदाबाद सैक्टर 65, महेन्द्रगढ़ सैक्टर-9,10, पिंजौर सैक्टर-28, झज्जर सैक्टर-9, रेवाड़ी सैक्टर-18 व 19, रोहतक सैक्टर-5 व 6, गुरुग्राम सैक्टर 106 (दूसरी बुकिंग), पलवल फ्लैट्स स्कीम और सांपला में फ्लैट्स स्कीम रद्द हुई हैं।

### सैनिकों का सारा पैसा 15 प्रतिशत ब्याज दर से रिफंड करे सरकार: वत्स

**ऑल** सैक्टर रेजिडेनटस वैल्फेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप वत्स ने कहा कि बोर्ड की लापरवाही का खामियाजा हजारों सैनिक परिवार भुगत रहे हैं। बोर्ड द्वारा वर्ष 2014 में बिना जगह एक्वायर किए स्कीम को लॉन्च किया गया। सस्ती दरों पर फ्लैट्स देने का सपना दिखाकर सैनिकों व उनके परिवारों से एडवांस किस्त के रूप में करोड़ो रुपए भरवाए गए। लेकिन जगह एक्वायर न होने पर स्कीम को 11 स्थानों पर रद्द कर दिया। आज प्रभावितों को 10 साल बाद भी आशियाना मिलना तो दूर अपने पैसे लेने के लिए ही भटकना पड़ रहा है। वत्स इस मामले को कई बार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी उठा चुके हैं। लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया जबकि ए सैनिकों व अर्धसैनिक बल के जवानों से जुड़ा बेहद संवेदनशील मामला है। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से मांग है कि विशेष बजट का प्रावधान कर इस स्कीम में फंसे सैनिकों के पैसे को वापिस दिलाया जाए या किसी अन्य स्थान पर सैनिकों को फ्लैट्स देने की घोषणा की जाए। अगर मामले का समाधान नहीं होता है तो राज्य स्तरीय बैठक बुलाकर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

### ए है पूरा मामला

**बोर्ड** ने 17 फरवरी 2014 में जेसीओ रैंक तक के सैनिकों व अर्धसैनिक बल के जवानों व उनके परिवारों के लिए 11 जिलों के 19 विभिन्न स्थानों पर डिफेंस फ्लैट्स स्कीम को लॉन्च किया था। जिसके तहत सैनिकों के लिए टाइप ए व बी के कुल 13696 मल्टीस्टोरी फ्लैट्स बनने थे। स्कीम का 31 दिसंबर 2014 में ड्रा निकाला गया। ड्रा में सफल हुए ऑलाटियों से बोर्ड ने फ्लैट की कुल कीमत की 25 प्रतिशत पैसा एडवांस किस्त के रूप में जमा करवा लिया था। यह पैसा वसूलने के बाद बोर्ड ने स्कीम के लिए जगह एक्वायर करने और निर्माण कार्य को लेकर कोई गम्भीरता नहीं दिखाई। उल्टा 13 फरवरी 2023 को स्कीम को 09 वर्ष बाद कुल 11 स्थानों पर रद्द कर दिया। अब स्कीम रद्द होने के बाद अलॉटियों को पैसा रिफंड नहीं किया जा रहा। प्रभावित लंबे समय से अपनी जमा राशि 15 प्रतिशत ब्याज सहित रिफंड करने की मांग कर रहे हैं। स्कीम के तहत पंचकूला, फरीदाबाद व झज्जर को छोड़कर अन्य किसी स्थान पर फ्लैट नहीं बने हैं।

# नैशनल मीन्स कम-मैरिट स्कॉलरशिप स्कीम परीक्षा आयोजित

चंडीगढ़, नवंबर : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृति योजना परीक्षा का आयोजन करवाया गया। परीक्षा प्रदेशभर में 167 परीक्षा केंद्रों पर नकल रहित सुचारू रूप से संचालित हुई। इसके लिए प्रदेशभर में 48543 परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। जिसमें 19125 छात्र, 29415 छात्राएं व 3 ट्रांसजैंडर शामिल हैं। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित हुई। प्रवक्ता ने बताया परीक्षा की सुचिता, विश्वसनीयता व गरिमा बनाए रखने के लिए प्रत्येक जिले में जिला प्रश्न पत्र उड़नदस्ते का गठन किया गया था, जिनके द्वारा परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा नकल रहित व शांतिपूर्वक चल रही थी। इसके अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा अपने-अपने जिले परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हो रही थी। राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृति योजना परीक्षा शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा चलाई जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी/अनुदान प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली गरीब छात्र/छात्राओं का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है। योजना में चयनित हुए छात्र/छात्राओं को कक्षा नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा के लिए प्रतिमास छात्रवृति दी जाती है।

# जनता के जनादेश को समझकर उसे पचाना सीखें कांग्रेस : मोहनलाल बड़ौली

## खाद व एमएसपी पर कांग्रेस कर रही दुष्प्रचार, चुनाव में जनता ने दिया करारा जवाब



पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली।

हिसार, नवंबर : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कांग्रेस पर दुष्प्रचार करने व किसान सहित जनता के हर वर्ग को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के समय में भी ऐसा ही किया था, जिसका जनता ने जवाब दे दिया है, अब भी यदि कांग्रेस नहीं संभली तो इसका वजूद भी नहीं बचेगा। मोहनलाल बड़ौली रविवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है और अधिकारी अपनी निगरानी में किसानों को खाद दे रहे हैं ताकि कहीं पर कोई अनियमितता न हो। यही नहीं, किसानों की धान व अन्य फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है। कांग्रेस केवल यही दुष्प्रचार कर रही है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद व एमएसपी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि किसान सहित हर वर्ग भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से संतुष्ट है और यही कारण है कि जनता ने तीसरी बार भाजपा को सत्ता सौंपी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार बनाना जनता के हाथ में होता है और जनता ने भाजपा को अपना जनादेश दिया है, जिसे कांग्रेस को समझना चाहिए और पचाना भी चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तेज गति से हर वर्ग के हित में काम कर रहे हैं। पहले जब उन्हें 56 दिन का समय मिला तो उस दौरान उन्होंने 126 बड़े फैसले लेकर कीर्तिमान बनाया, जिसका फायदा विधानसभा चुनाव में भी मिला। अब मुख्यमंत्री ने पार्टी के विधायकों व चुनाव लड़ने वाले प्रतिनिधियों को 100 दिन का टारगेट दिया है, जिसमें हमें जनकल्याण की योजनाएं आम जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ बहुत कुछ अच्छा करके दिखाना है। राज्य के कई निगमों के चुनावों बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि चुनाव में पार्टी निगम, पालिका व परिषद के अनुसार अपनी बात जनता तक लेकर जाएगी और मजबूती से चुनाव लड़ेगी। राज्यसभा की खाली हुई सीट बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान इस पर विचार कर रहा है हाईकमान ही इस बारे में अपना फैसला करेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, प्रवास प्रमुख अशोक गुर्जर, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, विधायक विनोद भ्याना, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, प्रदेश सह मीडिया प्रमुख संदीप आजाद व जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सैनी 21 नवंबर को गुरुग्राम में

## राज्य स्तरीय सहकारिता समारोह को करेंगे संबोधित, प्रदर्शनी का करेंगे अवलोकन

चंडीगढ़/गुरुग्राम, नवंबर : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 21 नवंबर को गुरूग्राम के लेजर वैली मैदान में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय सहकारिता समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। समारोह में हरियाणा प्रांत के लगभग 10000 सहकार पुरुष व महिलाएं भाग लेंगी। समारोह की तैयारियों को लेकर हरियाणा सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार राजेश जोगपाल ने अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय सभागार में मीटिंग की और प्रबंध व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिए। रजिस्ट्रार ने बताया कि सहकारिता क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में बड़े उत्साह के साथ सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसका समापन कार्यक्रम 21 नवंबर को लेजर वैली मैदान गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मौजूद रहेंगे। सहकारिता सप्ताह के समापन समारोह में राज्य के सभी जिलों से करीब 10000 सहकार, कॉपरेटिव सोसायटीज के प्रबंध समिति सदस्य, कर्मचारी व अधिकारी आएंगे। सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।

लेजर वैली मैदान में इस आयोजन के लिए विशाल पांडाल लगाया जाएगा। समारोह में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। वीआईपी पार्किंग को मंच के समीप बनाया जाए। सहकारिता समारोह में हरियाणा राज्य में सहकारिता क्षेत्र के विकास व योजनाओं को दशार्ती हुई शानदार प्रदर्शनी लगाई जाएगी। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी।

पांडाल में मुख्य अतिथि के लिए सुसज्जित मंच बनाया जाएगा। मंच के आसपास रंगोली व सुंदर गमले लगवाए जाएं। इस अवसर पर एडीसी हितेश कुमार मीणा, एसडीएम बादशाहपुर अंकित कुमार चौकसे, नगराधीश आदित्य विक्रम, रोहित यादव सहित सहकारिता विभाग के उच्च अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जनहित के लिए संगठन को अधिक से अधिक मजबूत करना ही सदस्यता अभियान का मकसद : मोहनलाल कौशिक

## सरकार के ऐतिहासिक कार्यों को जनता तक पहुंचाकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने में भी मदद कर रहे भाजपा कार्यकर्त्ता

### चुनाव के समय निष्ठा बदलने वालों को पटका पहनाकर नहीं किया जाएगा भाजपा में शामिल

### प्रदेश अध्यक्ष ने हिसार में बैठक लेकर लिया सदस्यता अभियान प्रबंधों का जायजा, जताई संतुष्टि

### उत्कृष्ट सदस्यता अभियान चलाने पर किया सम्मान

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक ने सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया। इनमें पहले नंबर पर सदस्यता अभियान के जिला सह संयोजक डॉ. वैभव बिदानी रहे, जिन्हें प्रदेश अध्यक्ष ने सम्मानित किया और उनके कार्य की प्रशंसा की। इसके अलावा विधायक रणधीर पनिहार, अजीत व आशीष जोशी को भी प्रदेश अध्यक्ष ने सम्मानित किया।

चंडीगढ़, नवंबर : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक ने कहा कि पार्टी की ओर से प्रदेशभर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जनता का हर वर्ग पार्टी के सदस्यता अभियान में रूचि दिखाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहा है। प्रदेश के 20 हजार 600 से अधिक बूथों पर सदस्यता अभियान जोर-शोर से चल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक रविवार को यहां के सुशीला भवन में सदस्यता अभियान बारे बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने की। जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने गद्दा भेंट करके प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया, विधायक विनोद भ्याना व रणधीर पनिहार, अशोक गुर्जर, पूर्व मंत्री अनूप धानक ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नए सदस्य 6 वर्ष के लिए बनाए जा रहे हैं। पार्टी ने सदस्यता फार्म के साथ पूरा ब्यौरा दिया है ताकि सदस्य बनने वाला पहले पूरी जानकारी लेकर सदस्यता ग्रहण करें। प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान जो लोग पार्टी छोड़ गए थे, उन्हें हम पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल नहीं कर रहे। मोहनलाल कौशिक ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने में लगे हैं। जल्दी ही हम सदस्यता अभियान के तय लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। सदस्यता अभियान का मकसद जनहित के कार्य के लिए संगठन को अधिक से अधिक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता संगठन को तो मजबूत कर ही रहे हैं, साथ ही सरकार द्वारा किए जा रहे ऐतिहासिक कार्यों को जनता तक पहुंचाकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने में भी मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्त्ताओं का सम्मान करने वाली पार्टी है और कार्यकर्ता ही हमारे लिए सर्वोपरि है। कार्यकर्त्ताओं की मेहनत से ही भाजपा आज विश्व की नंबर वन पार्टी है। उन्होंने जिला पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान बारे आवश्यक निर्देश दिए और जिले में चल रहे सदस्यता अभियान के प्रति संतुष्टि जताई।

लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के निर्देशानुसार पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग हैं जो चुनाव के वक्त पार्टी छोड़ गए थे वे अब वापस आना चाहते हैं लेकिन संगठन का यह फैसला सही है कि उन्हें पटका पहनाकर फिर से पार्टी में शामिल नहीं किया जाएगा। सदस्यता अभियान के जिला संयोजक एवं पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने जिले में चल रहे सदस्यता अभियान का पूरा ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि जिले में सदस्यता अभियान जोरों पर चल रहा है। अब तक 50 हजार सदस्य बन चुके हैं और हमें उम्मीद है कि हम जिले में चार लाख नए सदस्य बना लेंगे। मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि सदस्यता अभियान बारे प्रदेश अध्यक्ष द्वारा ली गई बैठक में उपरोक्त नेताओं के अलावा कार्यक्रम में जिला महामंत्री आशीष जोशी, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, नेहा धवन, संदीप आजाद, राजेन्द्र सपड़ा, अनुसूचित जाति मोर्चा से राजकुमार इंदौरा, युवा मोर्चा से हर्ष बामल, ओबीसी मोर्चा से गोल्डी सैनी, किसान मोर्चा से कुलदीप डेलू, महिला मोर्चा से सुनीता रेड्डू सहित जिला पदाधिकारी व मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चंडीगढ़ में हरियाणा का हिस्सा है तो जमीन के बदले जमीन देने का कोई औचित्य नहीं : कुमारी सैलजा

## कहा : पंजाब लंबे समय से कर रहा है हरियाणा के लोगों के साथ अन्याय

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं दिया जा रहा सतलुज यमुना लिंक नहर का पानी

चंडीगढ़, नवंबर : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश के मौजूदा विधानसभा भवन पर दावेदारी छोड़कर किसी नए स्थान पर विधानसभा का भवन बनाने से राजधानी चंडीगढ़ पर हरियाणा की दावेदारी कमजोर पड़ेगी। जब चंडीगढ़ में पंजाब और हरियाणा का 60-40 के अनुपात में हिस्सा है तो जमीन के बदले जमीन देने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब लंबे समय से हरियाणा के लोगों के साथ अन्याय कर रहा है। सतलुज यमुना लिंक नहर का पानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं दिया जा रहा है। पंजाब को हरियाणा के हिंदी भाषी क्षेत्र भी लौटाने पर विचार करना चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा की नई विधानसभा के लिए चंडीगढ़ द्वारा रेलवे स्टेशन से आईटी पार्क को जाने वाली सड़क के पास 10 एकड़ जमीन दी जा रही है। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद चंडीगढ़ इस जमीन को देने के लिए तैयार हुआ है। इसके बदले में हरियाणा चंडीगढ़ को पंचकूला के मनसा देवी कॉम्पलेक्स के पास जो 12 एकड़ जमीन देगा। उन्होंने कहा कि जब चंडीगढ़ में पंजाब और हरियाणा का 60-40 के अनुपात में हिस्सा है। हरियाणा अपने हिस्से की जमीन पर नई विधानसभा बना सकता है ऐसे में जमीन के बदले जमीन देने का कोई औचित्य नहीं है। हरियाणा सरकार को इस बारे में सोच समझकर कदम उठाना चाहिए और सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हरियाणा के हित में बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा विधानसभा भवन का विस्तार किया जा सकता है अगर हरियाणा सरकार ने मौजूदा विधानसभा भवन पर अपना कब्जा अथवा दावेदारी छोड़ दी तो एक दिन ऐसा भी आएगा, जब हरियाणा को उसका मौजूदा सचिवालय खाली करने के लिए कह दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब लंबे समय से हरियाणा के लोगों के साथ अन्याय कर रहा है। सतलुज यमुना लिंक नहर का पानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं दिया जा रहा है। पंजाब को हरियाणा के हिंदी भाषी क्षेत्र भी लौटाने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा को अपने हितों की रक्षा के लिए मजबूत कदम उठाना चाहिए।



कुमारी सैलजा

# कैग ने भी माना, सरकार ने कर्ज में डूबो दिया हरियाणा, आज 4.50 लाख करोड़ का कर्जा : भूपेंद्र हुड्डा

## पूर्व सीएम बोलेः स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों का घोटाला कर रही सरकार, कैग रिपोर्ट में खुलासा

### कहाः 1.05 लाख रुपए में मात्र 42 किमी चली एंबुलैंस यानी 2500रु प्रति किमी खर्चा

चंडीगढ़, नवंबर : एक के बाद एक ताबड़तोड़ घोटालों को अंजाम देने में जुटी हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में भी जमकर घोटाले किए हैं। न सिर्फ सरकार ने जनता का करोड़ों रुपए लूटा है बल्कि लोगों की जिंदगी से भी खिलवाड़ किया है। कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की ताजा रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ए बात कही। उन्होंने कहा कि कैग की रिपोर्ट ने सरकार के घोटालों को पूरी तरह उजागर कर दिया है। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं और डॉक्टर मुहैया करवाने की बजाए सरकार करोड़ों रुपए के घोटालों को अंजाम देने में लगी हुई है। रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि कई मात्र 42 से 209 किलोमीटर का सफर कई एंबुलेंस ने 1,05,000 से लेकर 05 लाख रुपए में तय किया। यानी लगभग 2500 रुपए प्रति किलोमीटर में एंबुलैंस ने अपनी सेवाएं दी। इतना ही नहीं एंबुलैंस के मरीजों तक पहुंचने के समय में भी जमकर झोल किया गया है।



भूपेंद्र सिंह हुड्डा

### ब्लैक लिस्टेड कंपनियों से सरकार ने खरीदी दवाईयां, लोगों की जिंदगी से किया खिलवाड़

### ब्लैक लिस्टेड कंपनियों से खरीदे दवाई और उपकरण

**सीएजी** रिपोर्ट में कहा है कि लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते हुए सरकार ने ब्लैक लिस्टेड कंपनियों से भी दवाइयां और उपकरण खरीदे। इतना ही नहीं सरकार ने ऐसी 15 एजैंसियों को 5.67 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया है, जिनकी दवाएं कई बार घटिया साबित हो चुकी हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, उसने प्रदेश के शिक्षा व स्वास्थ्य तंत्र को पूरी तरह नजर अंदाज किया है। यही वजह है कि आज प्रदेश में लगभग 30 फीसदी डॉक्टरों और 42 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मियों के पद खाली पड़े हुए हैं।

### सरकार ने प्रदेश को 4:30 लाख करोड़ रुपए के कर्ज तले दबा दिया

**इस बार** खुद नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने भी कांग्रेस के आरोपों पर अपनी मुहर लगा दी है। क्योंकि कांग्रेस ने बार-बार हरियाणा की जनता को बताया कि भाजपा ने प्रदेश को साढ़े 4 लाख करोड़ रुपए के कर्ज तले दबा दिया है। लेकिन सत्ता में बैठे लोग इससे इनकार करते रहे। अब खुद कैग की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि मार्च 2023 तक प्रदेश पर 4 लाख करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ चुका था। उसके बाद भी इस सरकार ने कर्ज लेना जारी रखा, जो आज 4.50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है। यह सब सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन और घोटालों चलते हुआ है। जनता पर बार-बार ऐसी योजनाएं थोपी गईं, जिससे सारा पैसा घोटालेबाजों की जेब में गया और सरकार का राजस्व घटा। इससे जनता पर टैक्स और महंगाई की मार पड़ी। सरकार को बताना चाहिए कि 10 साल में उसने हरियाणा में न कोई मेडिकल कॉलेज बनाया, न एक भी बड़ी यूनिवर्सिटी स्थापित की, न ही कोई राष्ट्रीय स्तर का संस्थान या बड़ा उद्योग स्थापित किया। न ही इस सरकार ने कोई नई रेलवे लाइन बिछाई, न एक भी इंच मैट्रो को आगे बढ़ाया और न कोई नया पावर प्लांट लगाया, बावजूद इसके कर्ज में लिया गया लाखों करोड़ रुपया कहां खर्च हुआ और किसकी जेब में गया। कांग्रेस विधानसभा में सरकार से ए सवाल पूछेगी।

# आज से शुरू होगा जिला स्तरीय युवा महोत्सव, डीसी करेंगे शुभारंभ

चंडीगढ़/गुरुग्राम, नवंबर : राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर और आईटीआई में 18-19 नवंबर को जिला स्तरीय युवा महोत्सव मनाया जा रहा है। सोमवार सुबह 09 बजे उपायुक्त अजय कुमार महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। महोत्सव के नोडल अधिकारी व आईटीआई प्रिंसिपल जयदीप सिंह कादियान ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार 18 नवंबर को सुबह 09 बजे महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन शाम को एडीसी हितेश कुमार मीणा कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। 19 नवंबर को दोपहर 3.30 बजे महोत्सव का समापन होगा, जिसमें कमिश्नर आरसी बिढान मुख्यातिथि के तौर पर विजेता टीमों को पुरस्कृत करेंगे। इस अवसर पर एसडीएम रविन्द्र कुमार भी मौजूद रहेंगे। प्रिंसीपल जयदीप सिंह कादियान ने बताया कि स्कूल, कालेज की टीमों के अलावा आम लोक कलाकारों ने भी महोत्सव में भाग लेने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। सभी प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष तक की है। राजकीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में सामूहिक व एकल लोक नृत्य, लोक गायन, भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता होगी। वूमेन आईटीआई में इनोवेशन इन साइंस एंड टैक्नोलॉजी की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यहीं पर कहानी लेखन, फोटोग्राफी व चित्रकला स्पर्धा आयोजित की जाएगी।

# भाजपा की सदस्यता मीटिंग में नहीं पहुंचा बिश्नोई परिवार

## अध्यक्ष बड़ौली बोले-राज्यसभा सीट पर मीडिया में चलने वाले नाम का कटता है पत्ता

हिसार, नवंबर : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा में जिसका नाम राज्यसभा सांसद के लिए मीडिया में चल रहा है, उनका नाम मानो राज्यसभा की रेस से बाहर हो गया है। मीडिया में चलने वाले नाम का भाजपा में पत्ता कट जाता है। यह भारतीय जनता पार्टी है। इसमें जिसके नाम चलते हैं, वह कभी बनते नहीं है, जिसके नाम चल गए हैं, उनके नाम समाप्त मानो। राजनीति के जानकारों में चर्चा यह कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का इशारा कुलदीप बिश्नोई की तरफ था। हरियाणा में खाली हुई राज्यसभा सीट के लिए कुलदीप बिश्नोई का नाम ही सबसे आगे चल रहा था। इसके अलावा बड़ौली भी इस रेस में शामिल है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली यहां रैस्ट हाऊस में बैठक कर रहे थे। इस बैठक में भाजपा विधायक से लेकर मंडल और बूथ अध्यक्ष तक सभी शामिल हुए, लेकिन आदमपुर से कुलदीप बिश्नोई और उनके बेटे भव्य बिश्नोई इस सदस्यता अभियान की बैठक में दिखाई नहीं दिए। हालांकि कुलदीप बिश्नोई के करीबी व चहेते विधायक रणधीर पनिहार इस बैठक में शामिल थे। परंतु कुलदीप बिश्नोई व भव्य बिश्नोई का बैठक में शामिल ना होना चर्चा का विषय बन गया।



अध्यक्ष मोहन लाल

### यह कांग्रेस का दुष्प्रचार, कांग्रेस झूठ फैला रही

किसानों को डीएपी खाद न मिलने पर प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि यह कांग्रेस का दुष्प्रचार है। कांग्रेस झूठ फैला रही है। जिस तरह कांग्रेस ने खाद के मुद्दे पर विधानसभा में भी बात रखी है, यह गलत है। प्रदेश में किसानों को खाद मिल रही है। हर केंद्र पर खाद उपलब्ध है। कांग्रेस नकारात्मक सोच के साथ राजनीति करती है। यही उसकी विशेषता है।

### 30 नवंबर तक चलेगा अभियान

बड़ौली ने बताया कि हरियाणा में सरकार बनने के बाद सब सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। यह 30 नवंबर तक चलेगा। अभी तक 10 लाख से ज्यादा लोग भाजपा के सदस्य बन चुके हैं। पूरे प्रदेश में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हर बूथ पर 250 सदस्य होने चाहिए। इसके लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस बार सदस्यता डिजीटल माध्यम से भी की जा रही है।

# डॉ ज्वाला प्रसाद का अभिनंदन समारोह की तैयारी पूर्ण।

## सरस्वती विद्या मंदिर बेतिया के पूर्व छात्र एवं गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के डायरेक्टर को इंग्लैंड के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा महात्मा गांधी लीडरशिप पुरस्कार के एवज होगा समारोह।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** सरस्वती विद्या मंदिर बरवत सेना बेतिया के पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार ने अपने सहयोगी पूर्व छात्र नितेश भट्ट प्रिंस, रंजीत, विवेक तथा अन्य छात्रों के साथ 21 नवंबर को विद्यालय में संपन्न होने वाले अभिनंदन समारोह के सफल संचालन हेतु तीन लालटेन स्थित भोला बाबू परिसर में सभी मीडिया के बंधु उपस्थित हुए। यह कॉन्फ्रेंस सरस्वती विद्या मंदिर के 2003 बैच के मेधावी, जुझारू, परिश्रमी आज्ञाकारी लग्न सेल छात्र डॉक्टर ज्वाला प्रसाद को विद्यालय में सम्मानित करने हेतु संपन्न हुआ। डॉक्टर ज्वाला प्रसाद अब तक दिल्ली विश्वविद्यालय जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय महात्मा गांधी विश्वविद्यालय भारतीय नाटक अकादमी में रजिस्टर एवं उप कुलपति का पद सुशोभित करते हुए वर्तमान में गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति दिल्ली भारत सरकार की डायरेक्टर है। उन्हें इंग्लैंड के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 2024 का महात्मा गांधी लीडरशिप पुरस्कार से नवाजा है। यह पुरस्कार पूरे भारत में डॉक्टर ज्वाला प्रसाद तीसरे व्यक्ति हैं जिनको दिया गया है यह उपलब्धि विद्यालय ही नहीं पूरे बिहार के लिए अविष्करणीय है।




# रक्सौल में मादक पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**चंपारण।** मादक पदार्थ के साथ दो कारोबारियों को रक्सौल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ के कारोबारियों के विरुद्ध लगातार हो रही कार्रवाई अभियान के तहत रक्सौल कोइरिया टोला के सैनिक रोड में छापेमारी करते हुए रक्सौल थाना की पुलिस के द्वारा 1 किलो 326 ग्राम मादक पदार्थ चरस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। मादक पदार्थ के तस्करी एव खरीद बिक्री की गुप्त सूचना के आधार पर एसपी स्वर्ण प्रभात के दिशा निर्देश में की गई कार्रवाई के दौरान रक्सौल निवासी विक्की कुमार व आदित्य कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसमे एक आरोपी पर पहले रक्सौल थाना में महिला प्रताड़ना का मामला दर्ज है। आरोपियों के पास से उक्त मात्रा में चरस के साथ साथ 16 पीस आनरेक्स कफ सिरप व 3 पता निट्रेजाम टेबलेट जैसी नशीली दवा भी बरामद की गई है। आरोपियों को रक्सौल के त्रिलोकीनाथ मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है। बरामद मादक पदार्थ की कीमत 13 लाख 29 हजार 57 रुपये आंकी गई है। छापेमारी के लिए गठित टीम में डीएसपी धीरेंद्र कुमार, पुअनि कुमारी एकता सागर, कुमार प्रभात, पीटीसी सिपाही विकास कुमार सहित अन्य शामिल थे।




मादक पदार्थ के साथ दो कारोबारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# अररिया जिले के नियोजित सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों का ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए अररिया में 3 शैक्षिक अनुमंडल बनाएं जाएं:- इन्तेखाब आलम



**बिहार।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य श्री इन्तेखाब आलम ने माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं बिहार सरकार शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार से कहा है कि अररिया जिले के नियोजित सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों के साथ न्याय करें। गौरतलब हो कि 7 नवंबर 2024 से 22 नवंबर 2024 तक ईशिक्षाकोष पोर्टल सॉफ्टवेयर के द्वारा सक्षमता परीक्षा पास नियोजित शिक्षकों से ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है और अररिया जिले का शिक्षक समाज बहुत हैरान और परेशान हैं क्योंकि अररिया जिले में मात्र दो ही अनुमंडल है 1. अररिया अनुमंडल और 2. फारबिसगंज अनुमंडल है लेकिन अररिया अनुमंडल और फारबिसगंज अनुमंडल में एकरूपता नहीं है। अररिया अनुमंडल के अंतर्गत 6 प्रखंड आता है जैसे- अररिया, जोकीहाट, कुसार्कांटा, रानीगंज, सिकटी, पलासी प्रखंड और फारबिसगंज अनुमंडल के अंतर्गत केवल 3 प्रखंड आता है जैसे- फारबिसगंज, नरपतगंज और भरगामा प्रखंड आता है। इसलिए अररिया अनुमंडल का शिक्षक फारबिसगंज अनुमंडल में समायोजित नहीं होगा। इन्होंने कहा अररिया अनुमंडल से संबंध रखने वाले अधिकतर नियोजित सक्षमता परीक्षा पास जिला और प्रमंडल बदर हो जाएंगे। इससे शिक्षक हमेशा तनाव में रहेंगे। और ऐसे में शिक्षक अपने जिले घर से दूर रहकर छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान नहीं कर सकेंगे। श्री आलम ने कहा बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार और शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार से जोरदार मांग किया है कि अररिया जिले को किशनगंज जिले की तरह अनुमंडल को विभाजित कर दें यानि अररिया जिले को 3 शैक्षिक अनुमंडल में बांट दें। इससे शिक्षकों का और उनके परिवार का कल्याण होगा। और अररिया अनुमंडल का शिक्षक आसानी के साथ प्रस्तावित शैक्षिक अनुमंडल में समायोजित हो जायेगा। श्री आलम ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मांग किया है कि नियोजित सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों को प्रखंड का विकल्प देने का प्रावधान करें।

## संक्षिप्त समाचार

### दूरी के कारण केबिल में अक्सर होते फाल्ट, पोल लगवाने की मांग

**जालौन-उरई।** मोहल्ला रापटगंज में 70 मीटर दूर लगे बिजली के खंभे आई केबिल में अक्सर फाल्ट होते हैं। पीड़ित वृद्धा ने एसडीएम से एक खंभा लगवाने की मांग की है। मोहल्ला रापटगंज निवासी विमला देवी ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि छह वर्ष पूर्व घरेलू बिजली संयोजन लेने के बाद भी 70 मीटर दूर पोल से बिजली लानी पड़ रही है। जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। वह पूर्व में दो बार शिकायत कर चुकी है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं। पीड़िता ने एसडीएम से एक पोल लगवाए जाने की मांग की है।

### मारपीट के मामले में पुलिस ने दो पक्षों के तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की

**जालौन-उरई।** जमीन के बंटवारे को लेकर आपस में विवाद व मारपीट के मामले में पुलिस ने दो पक्षों के तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोंतवाली क्षेत्र के ग्राम ग्राम औरेखी निवासी एक पक्ष के पारसनाथ व गोविंद नारायण और दूसरे पक्ष के अरविंद के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवाद के मामले में रविवर की सुबह उनके बीच गाली, गलौज व हाथापाई हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### खेलते समय किशोर के सिर पर गिरी पेड़ की डाल, मौत



**उरई।** खेलते समय किशोर के सर पर पीपल की डाल टूट कर गिर जाने से उस की मौत हों गयी, मामला एट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिरोना का बताया गया है जहाँ रविवार की दोपहर कौशल पुत्र संतोष चौधरी अपने साथियो के साथ पीपल के पेड़ के नीचे खेल रहा था, जब बच्चे खेल के बाद वापस लौटने को हुये तभी पेड़ से एक डाल टूट कर कौशल के ऊपर गिरी जिस के नीचे वह दब गया, अन्य बच्चो के चिल्लाने पर मौके पर पहुँचे लोगो ने उसे बाहर निकाला तथा ट्रामा सेंटर उरई पहुंचाया, लेकिन इलाज शुरू होने के पहले ही उस की मौत हों गयी। इस घटना से मृतक के घर में कोहराम मच गया।

### ओवरलोड ट्रक को एसडीएम ने पकड़ा

**कोंच।** उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने बालू से भरे ओवरलोड ट्रक को पकड़ कर कार्यवाही की।एसडीएम ज्योति सिंह ने नगर के पंचानन चौराहा के पास कैलिया बाईपास मार्ग से बालू से से भरा ओवरलोड ट्रक यूपी 92 एटी 3849 पकड़ लिया। चालक मौके पर एक भी आवश्यक प्रपत्र एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सका। एसडीएम ने ट्रक कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया और अग्रिम कार्यवाही के लिए खनन अधिकारी को पत्र जारी कर दिया। बताया जा रहा है कि बालू से भरा ओवरलोड ट्रक पहाड़गाँव के रास्ते से आकर जालौन के रास्ते जा रहा था। एसडीएम द्वारा ओवरलोड के खेल पर सख्ती के साथ अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही से इससे जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है, साथ ही ओवरलोड पर अंकुश लगने की भी संभावना नजर आने लगी है।

# प्रमुख सचिव ने बैठक कर गौशालाओं, पशुपालन और मत्स्य पालन योजनाओं की समीक्षा की

## कहा- जनपद की सभी गौ आश्रय स्थलों पर उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं

■ उरई




कलेक्ट्रेट सभागार में आज प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, दुग्ध विकास, मत्स्य एव पशुधन विभाग, रविंद्र नायक ने विभागीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने जनपद में चल रही गौशालाओं, पशुपालन और मत्स्य पालन योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रविंद्र नायक ने कहा कि जनपद की सभी गौ आश्रय स्थलों पर उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से भूसा, हरा चारा, पानी, चोकर, सफाई, और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। यह योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है, और इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम विकास अधिकारियों व केयर टेंकरों को गौशालाओं के देखभाल के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि गौवंश को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा, उन्होंने नोडल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र की गौशालाओं का नियमित भ्रमण करने का निर्देश दिया और कहा कि अगर कहीं अव्यवस्था पाई जाए तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि पशु चिकित्सा अधिकारी गौशालाओं में नियमित रूप से जाकर गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करें और कृत्रिम गर्भाधान तथा बधियाकरण योजनाओं की सफलता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गौवंश का शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी से बचाव हो सके। साथ ही, मुख्यमंत्री सहयोगिता योजना के तहत कुपोषित बच्चों के परिजनों को गाय सौंपने की प्रक्रिया में प्रगति लाने निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निदेशालय को समय पर डिमांड भेजने के निर्देश दिए। वहीं, सर्दियों के मद्देनजर उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पुराने बोरे से काऊ कोट बनाने की योजना को प्रोत्साहित किया, जिससे न केवल गोवंश को गर्माहट मिलेगी, बल्कि स्थानीय महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने वृहद गौशाला जुगराजपुर और नुनवई को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित किया जाए। उन्होंने मोबाइल वेटरनरी यूनिट 1962 की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की और निर्देशित किया कि यदि यूनिट में कोई चिकित्सक छुट्टी पर जाता है तो इसकी जानकारी सुनिश्चित की जाए और सेवा में कोई बाधा न आने पाए। इसके अलावा, मत्स्य विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग को अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित रहे, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आमजन तक पहुंच सके। उन्होंने मनरेगा के तहत तालाबों के सुधार कार्यों को प्राथमिकता देने और अधिक से अधिक मत्स्य क्रेडिट कार्ड जारी करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बैठक में दिए गए निर्देशों के सम्यक् अनुपालन के क्रम में सभी योजनाओं का कार्यान्वयन प्रभावी ढंग से किया जाएगा।

इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, प्रभारी जिला विकास अधिकारी महेंद्र चौबे और अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## श्याम पागल परिवार द्वारा सजाया गया बाबा का भव्य दरबार

**कोंच।** खाटू श्याम के भक्तों की भारी भीड़ शनिवार की रात बड़ा मील में उमड़ पड़ी जहां बाबा का दिव्य और भव्य दरबार सजा था। बाहर से आए कलाकारों द्वारा गाए गए भजनों पर भक्तजन झूमते हुए खूब नाचे और बाबा के जयकारे लगाए। बाबा खाटू श्याम की ज्योति के साथ बाबा को लगाए गए छप्पन भोग का दर्शन कर लोग कृतकृत्य हो गए। बड़ा मील में शनिवार रात संजोए गए कार्यक्रम की शुरुआत बाबा की प्रतिमा के समक्ष पूजन से हुई, तत्पश्चात भजनों का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा। बाहर से आए कलाकारों ने बाबा खाटू श्याम को समर्पित तमाम भजन गाए जिन पर भक्त श्रोता झूम कर घंटों नाचते रहे और बाबा की जय जयकार करते रहे। चलो रे मन श्रीवृंदावन धाम, रटेंगे राधे राधे नाम और कान्हा की दीवानी बन जाऊंगी जैसे भजनों को सुन बाबा के भक्त भावविभोर हो गए। पागल श्याम प्रेमी परिवार की ओर से आयोजित श्याम भजन संध्या में पूरा कोंच और बाहर से आए बाबा श्याम के सैकड़ों भक्त खाटू श्याम के रंग में रंगे नजर आए। यह आयोजन देर रात जारी रहा जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। ज्योति पाल ग्वालियर, मथुरा से नीलिमा, वनारस के राकेश लक्खा आदि के भजनों पर श्रोता झूम उठे तथा पूरी मस्ती में जमकर भजनों का आनंद लिया। इस दौरान कार्यक्रम के अध्यक्ष कोंच नीमा अध्यक्ष डॉ. आलोक निरजंन आगंतुकों का स्वागत किया। विधायक मूलचंद्र निरजंन, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. आलोक निरंजन, विकास पटेल, पिंकू फुलैला, अभय सोनी, सुधाकर सोनी, देवेंद्र ठाकुर, राजेश राठौर, देवेंद्र यादव, किशन सोनी, विनोद सोनी, रामजी सोनी, खेड़ा चौकी प्रभारी संतराम कुशवाहा आदि रहे।

# जलापूर्ति योजनाओं की जांच को लेकर प्रशिक्षण सम्पन्न।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)



**बेतिया।** सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में पेयजल एप के माध्यम से जलापूर्ति योजनाओं की जांच के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी मुख्य बिन्दुओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी कि कैसे एप को डाउनलोड करना है, कैसे पासवर्ड प्राप्त होगा एवं कैसे एप के माध्यम से जलापूर्ति योजनाओं का निरीक्षण करना है। प्रशिक्षण शिविर को निर्देशित करते हुए प्रभारी जिलाधिकारी, सुमित कुमार ने कहा कि प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के आदेश के आलोक में शीघ्र ही सभी ग्रामीण क्षेत्रों के जलापूर्ति योजनाओं का ऑनसाइट निरीक्षण कर फोटो सहित पेयजल एप के माध्यम से रियल टाईम रिपोर्ट प्रतिवेदित करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी एवं उनके सहायक अभियंताओं, आईटी मैनेजर के द्वारा अच्छे तरीके से ट्रेनिंग दी गयी है। सभी तरह के संशय को दूर कर दिया गया है। सभी अधिकारी जलापूर्ति योजनाओं की जांच करते हुए संबंधित एप पर प्रॉपर तरीके से अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निर्देश दिया कि जलापूर्ति योजनाओं की जाँच विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप हो, इसे सुनिश्चित कराएंगे। इस कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करेंगे। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी, कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने किया सरकारी कोटे की दुकान का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान सब कुछ टनाटन मिला

■ कोंच



राशनकार्ड धारकों को समय से खाद्यान्न सामग्री का वितरण हो सके, को लेकर उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने पूर्ति निरीक्षक के साथ मिलकर नगर में संचालित रवींद्र सिंह वर्मा उचित दर विक्रेता की कोटे की दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान खुली पाई गई। दुकान में सभी प्रकार के मानक बोर्ड यथा अंत्योदय बोर्ड, पात्र गृहस्थी बोर्ड, क्राइटेरिया बोर्ड, केंद्रीय सब्सिडी बोर्ड, टोल फ्री नंबर इत्यादि उपलब्ध व प्रदर्शित पाए गए। वितरण हेतु प्रयुक्त ई-पॉस व ई-वेइंग मशीन का भी एसडीएम ने निरीक्षण किया व ई-पॉस मशीन में प्रदर्शित स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया। भौतिक सत्यापन में दुकान में उपलब्ध गेहूं, चावल व अवशेष चीनी की मात्रा फिलहाल सही पाई गई। एसडीएम ने विक्रेता रविन्द्र को समय से दुकान खोलने व नियमानुसार वितरण करने के निर्देश दिए, साथ ही बचे हुए लाभार्थी यूनिटों का 31 दिसंबर से पूर्व शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराए जाने के भी निर्देश दिए।

# तालाब की सफाई न होने से उसमें भरे पानी से आ रही दुर्गंध

■ जालौन-उरई

पक्के तालाब में सफाई न होने से उसमें भरा पानी से बदबू आने लगी है। तालाब में सफाई के साथ ही दवा भी डाली जाए। यह मांग नगर के लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है।

नगर के अशफाक राईन ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर के मध्य में ऐतिहासिक मुरली मनोहर तालाब स्थित है। इस तालाब के सुंदरीकरण के बाद लोग यहां सुबह शाम घूमने के लिए जाते हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए हाल ही में झूले आदि भी लगवाए गए थे। लेकिन उनमें से कुछ झूलों की हालत सही नहीं है।

तालाब में सालों से पानी को बदला नहीं गया है, सफाई भी नियमित नहीं होती है। यही कारण है कि तालाब में भरे पानी से बदबू आने लगी है। इससे तालाब पर घूमने आने वाले लोगों के साथ ही आसपास रहने वाले लोगों को भी बदबू से परेशान होना पड़ता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि तालाब के पानी को बदलवाया जाए। जब तक पापी नहीं बदला जाता है तब तक तालाब की सफाई करा दी जाए और उसमें दवा डलवा दी जाए। ताकि बदबू कम हो सके। इसके अलावा वहां बच्चों के मनोरंजन के लिए लगे झूलों को भी दुरूस्त करा दिया जाए।

## जालौन की पूर्व शासक ताई बाई की प्रतिमा लगाने की मांग



**जालौन-उरई।** ऐतिहासिक व्यक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। उनकी स्मारक लोगों को इतिहास से परिचित कराते हैं। इसलिए नगर की गौरव रही ताई बाई कर प्रतिमा नगर के देवनगर चौराहे पर लगाई ही जानी चाहिए। यह बात पूर्व आईपीएस नरेंद्र प्रताप सिंह ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। पूर्व विधायक चौधरी गरीब दास के आवास पर आयोजित एक बैठक में पूर्व आईपीएस नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता पूर्व जालौन एक राज्य रहा है। सन् 1840 में महाराजा गोविंदराव की मृत्यु के बाद अंग्रेजों ने जालौन राज्य को ईस्ट इंडिया कंपनी में मिलाने की घोषणा कर दी। लेकिन जालौन राज्य की जनता और जालौन राज्य की अंतिम शासिका ताईबाई ने इस विलय को स्वीकार नहीं किया। बिठूर के पेशवा नाना धुंधू पंत ने तात्या टोपे को भेजकर पेशवाई के अधिकार से नाना गोविंद राव की नातिन ताई बाई के पांच वर्षीय पुत्र गोविंदराव को जालौन राज्य का राजा घोषित कर दिया और उनके संरक्षक के रूप में ताई बाई को शासन चलाने की जिम्मेंदारी सौंपी गई। ताई बाई ने जालौन राज्य में स्वतंत्र क्रांतिकारी सरकार की घोषणा कर दी। अंग्रेजों को यह बर्दाश्त नहीं हुआ और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में ताईबाई ने डटकर अंग्रेजों का मुकाबला किया। लेकिन अंग्रेजों के संसाधानों के आगे उन्हें पराजित होना पड़ा। इसके बाद भी उन्होंने अंग्रेजों की दासता स्वीकार नहीं की। जिसके बाद अंग्रेजों ने उन्हें बिहार की मुंगेर जेल में जीवन पर्यंत के लिए भेज दिया। 1870 में जेल में ही उनकी मृत्यु हुई। वहीं, अंग्रेजों ने जालौन भव्य किले को नष्ट कर दिया। किले को खोदकर तत्कालीन अंग्रेज अफसर पीजे व्हाइट ने व्हाइट गंज बाजार बना दिया जिसे अब बैठगंज कहते हैं। कहा कि जालौन राज्य के लिए जान देने वाली क्रांतिकारी शासिक का अंग्रेजों ने इतिहास में स्थान नहीं दिया। लेकिन अब उन्हें याद किए जाने की आवश्यकता है। ताकि आने वाली पीढ़ियां उनसे पराक्रम से परिचित हो सकें। ऐसे में नगर के देवनगर चौराहे पर न सिर्फ उनकी प्रतिमा लगाई जाए बल्कि उनके ऐतिहासिक पराक्रम से भी लोगों को परिचित कराया जाए। बैठक का संचालन कैलाश पाटकार ने किया। इस मौके पर बौद्धिक काउंसिल ग्रुप के अध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा, महेंद्र प्रताप सिंह, बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दीक्षित, एके त्रिवेदी, भगवती प्रसाद मिश्रा, योगेंद्र राठौर शशिकांत आदि मौजूद रहे।

CMYK


## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा बलों पर हमले की योजना बना रहे आठ नक्सली गिरफ्तार



**बीजापुर ।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आठ नक्सलियों को गिरफ्तार कर उनके पास से विस्फोटक बरामद किए गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए नक्सली सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए उसूर-टेकमेटला मार्ग के बीच आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) लगाने की योजना बना रहे थे। एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों को शनिवार को जिला रिजर्व गार्ड और स्थानीय पुलिस द्वारा चलाए गए नक्सल-रोधी अभियान के दौरान उसूर व टेकमेटला गांवों के बीच गिरफ्तार किया गया।

### सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत तीन की मौत




**मेरठ ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के सरूरपुर क्षेत्र में एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। घटना से नाराज लोगों ने रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सरधना क्षेत्र के रतनगढ़ी में रहने वाले एक ही परिवार के सदस्य उपासना (18), मनीषा (22) और सुनील कश्यप (45) किसी शादी समारोह में जा रहे थे तथा रास्ते में करनावल गेट के पास उनकी मोटरसाइकिल एक खड़ी ट्रॉली से जा टकरायी। इसी बीच पीछे से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार तीनों लोगों को कुचल दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में उपासना, मनीष और सुनील की मौके पर ही मौत हो गयी।

### पहाड़ों पर बर्फबारी का दिखने लगा असर



**जम्मू।** पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानों पर भी पड़ना शुरू हो गया है। मैदानी इलाकों में भी ठंड बढ़ने लगी है। कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में शनिवार को बर्फबारी के बाद सोमवार को पूरे जम्मू-कश्मीर में मौसम साफ रहा। हालांकि, न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 5.3 डिग्री दर्ज किया गया। उधर, जोजिला दर्रे से बीआरओ ने बर्फ हटा दी है। रास्ते को यातायात के लिए खोल दिया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, 22 नवंबर तक मौसम साफ रहेगा। इस दौरान आसमान में धूप खिली रहेगी। किसी इलाके में बारिश या बर्फबारी के आसार नहीं हैं। 23 तारीख को मौसम में बदलाव के आसार हैं। इससे पहले शनिवार को कुपवाड़ा के माच्छिल सेक्टर में हुई बर्फबारी से क्षेत्र की सुरम्य सुंदरता और बढ़ गई है। बर्फबारी ने इस सुदूर क्षेत्र के प्राकृतिक आकर्षण को बढ़ा दिया है।




# श्री बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**चमोली।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए विधि पूर्वक बंद कर दिए गए। रात 9.07 बजे मंदिर के पुजारियों ने 'जय श्री बद्री विशाल' के उद्घोष के साथ धाम के कपाट बंद किए। इस विशेष मौके पर बद्रीनाथ मंदिर को भव्य रूप से 15 क्विंटल फूलों से सजाया गया था। इस दौरान 10 हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे जो विशेष रूप से इस अवसर का हिस्सा बने। श्री बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद 18 नवंबर को देव डोलियां योग बदरी पांडुकेश्वर और जोशीमठ के लिए प्रस्थान करेंगी। यह यात्रा बद्रीनाथ धाम के शीतकालीन पूजाओं की शुरुआत का प्रतीक है। इसके बाद 19 नवंबर से योग बदरी पांडुकेश्वर तथा श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ में शीतकालीन पूजाएं शुरू हो जाएंगी। बता दें कि हर साल सर्दी के मौसम में भारी बर्फबारी की संभावना होती है और मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाते हैं। इसके बाद भगवान बदरी विशाल की पूजा और दर्शन पांडुकेश्वर और जोशीमठ स्थित शीतकालीन तीर्थ स्थानों पर होती है।

### 19 नवंबर सुबह 8 बजे तक पूरे मुर्शिदाबाद जिले में इंटरनेट सुविधाएं बंद कर दीं

# पशिचम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भड़की सांप्रदायिक हिंसा, कई लोग घायल, इंटरनेट पर लगा बैन

- प्रभावित इलाकों में रैपिड एक्शन फोर्स सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया
- दोनों समुदायों के कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं और 30 से ज़्यादा घरों में तोड़फोड़ की गई

एजेंसी, कोलकाता

बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा शहर और आसपास के इलाकों में सांप्रदायिक झड़पों में कई लोग घायल हो गए। इस बात की जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सूर्य प्रताप यादव ने कहा कि कई लोग घायल हुए हैं और कई हिरासत में लिए गए हैं। उन्होंने सटीक आंकड़े नहीं बताए। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार ने कहा कि शनिवार रात बड़ी संख्या में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी बेलडांगा पहुंचे। स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि दोनों समुदायों के कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं और 30 से ज़्यादा घरों में तोड़फोड़ की गई या आग लगा दी गई। उन्होंने बताया कि सबसे ज़्यादा प्रभावित इलाका बेलडांगा का सिविक वार्ड 10 है।



भारी पुलिस बल तैनात, इंटरनेट बैन

प्राधिकारियों ने प्रभावित इलाकों में त्वरित कार्रवाई बल सहित एक विशाल पुलिस दल तैनात किया तथा 19 नवंबर सुबह 8 बजे तक पूरे मुर्शिदाबाद जिले में इंटरनेट सुविधाएं बंद कर दीं। 2011 की जनगणना के मुताबिक, इस जिले में पश्चिम बंगाल की सबसे ज़्यादा मुस्लिम आबादी है, जो 66.28% है। बगल के जिले मालदा में राज्य की दूसरी सबसे ज़्यादा मुस्लिम आबादी है, जो 51.27% है। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, बेलडांगा में सामुदायिक क्लबों की ओर से कार्तिक पूजा के उत्सव के दौरान झड़पें शुरू हुईं। आरोप है कि बिजली के डिस्प्ले बोर्ड पर बल्बों से अपवित्र टिप्पणी लिखी गई थी। इससे शनिवार रात करीब 8.30 बजे तनाव पैदा हो गया।

### भीड़ ने राजनीतिक दलों के कार्यालय जलाए

**इंफाल।** हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले में कई राजनीतिक दलों के कार्यालयों में आगजनी की घटनाएं हुई हैं। इस बीच बच्चों सहित छह शवों की बरामदगी के बाद जिरीबाम में शनिवार से व्यापक विरोध-प्रदर्शन के बाद सेना सहित संयुक्त सुरक्षा बलों ने रविवार रात इंफाल में फ्लैग मार्च किया। कुकी-जो जनजाति के एक प्रमुख संगठन, स्वदेशी जनजातीय नेताओं के मंच (आईटीएलएफ) ने रविवार रात कहा कि जिरीबाम में शनिवार रात कम से कम पांच चर्च, एक स्कूल, एक पेट्रोल पंप और आदिवासियों के 14 घरों को प्रतिद्वंद्वी समुदाय के हमलावरों ने जला दिया। आगजनी की निंदा करते हुए आईटीएलएफ ने आरोप लगाया कि मणिपुर में चल रहे संघर्ष के कारण छोड़े गए भवनों की सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जिरीबाम शहर में तैनात सुरक्षा बल इमारतों ऐसा करने में विफल रहे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शीर्ष अधिकारियों के नेतृत्व में सेना, असम राइफल्स, बीएसएफ, सीआरपीएफ, मणिपुर पुलिस समेत राज्य कमांडो ने रविवार रात राजधानी इंफाल और उसके बाहरी इलाकों में फ्लैग मार्च किया।

# केजरी की पार्टी में भारी भगदड़ मंत्री विधायक छोड़ने लगे पार्टी

केजरीवाल की पार्टी चुनावों से पहले खाली होने जा रही है। एक-एक कर के 30-32 विकेट गिरेंगे।

इंडिया गेट से



अजय सेतिया की कलम से

हम सब जानते हैं कि अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के कई केस चल रहे हैं। लेकिन, उनके लिए संतोष की बात यह थी कि पार्टी में उनके खिलाफ बड़ी बगावत नहीं हो रही थी। कुछ महीने पहले जब राज कुमार आनन्द ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया था और पार्टी भी छोड़ दी थी, तो कहा गया कि वह भाजपा का एजेंट है। फिर स्वाति मालीवाल ने जब केजरीवाल की पोल पट्टी खोली तो उसे भी भाजपा का एजेंट कहा गया। विधायक राजेन्द्र गौतम ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली तो केजरीवाल को बड़ा सदमा लगा। लेकिन, असली सदमा अब लगा है, जब ट्रांसपोर्ट मंत्री कैलाश गहलोत ने केजरीवाल के मुंह पर इस्तीफा मारा। केजरीवाल भाजपा के एक छुटके नेता को पार्टी ज्वाइन करवाने की तैयारी कर रहे थे, कैलाश गहलोत ने उनके सिर पर इस्तीफे का बम फोड़ दिया। इस्तीफे की चिट्ठी उन्होंने इतने प्यार से लिखी है कि जैसे भिगो-भिगो कर जूते मारे हैं। चमड़े का जूता जब भिगो कर मारा जाता है, चोट बहुत गहरी लगती है। उन्होंने अपने इस्तीफे में दो बड़े मुद्दे उठाए हैं, पहला मुद्दा यमुना की सफाई का है, जिसमें आम आदमी पार्टी ने सात हजार करोड़ की लूट मचाई है। दूसरा मुद्दा केजरीवाल के शीशमहल का है, जो उनकी आम आदमी की नैतिकता की पोल खोलता है। उन्होंने एक शब्द बहुत ही गहरा लिखा है कि जनता का पैसा अपने ऐशो आराम पर खर्च करके वह खुद को "आम आदमी" कैसे कह सकते हैं। लेकिन, बेशर्म केजरीवाल ने इसके बावजूद भाजपा के एक पूर्व विधायक अनिल झा,को आम आदमी की टोपी पहना दी। अनिल झा लगातार पिछले तीन चुनाव हारे हैं, इस बार भाजपा उन्हें टिकट नहीं देने वाली थी, इसलिए वह आम आदमी पार्टी में चले आए, इसका मतलब है कि उनकी सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक ऋतुराज झा आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले हैं। पर जब प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल से कैलाश गहलोत पर सवाल पूछा गया, तो वह मुंह छुपा कर भाग गए। लेकिन, इस तरह का सवाल अब अक्सर पूछा जाएगा और वह अक्सर मुंह छुपा कर भागेंगे, क्योंकि केजरीवाल की पार्टी चुनावों से पहले खाली होने जा रही है। एक-एक कर के 30-32 विकेट गिरेंगे। इसलिए वह उम्मीदवार ढूंढ रहे हैं, जो पिछले चुनाव तक टिकट बेचा करते थे, वह अब हर ऐरे गैरे गली मोहल्ले के नेता को पार्टी ज्वाइन करवाने के लिए खुद उसके घर जा रहे हैं। दो दिन पहले वह कांग्रेस के एक थके-हारे नेता वीर सिंह धींगान को ले आए थे, जो दो बार राजेन्द्र गौतम से हार चुका था। राजेन्द्र गौतम कांग्रेस में चले गए तो वह धींगान को उठा लाए, जिसकी स्वाति मालीवाल ने ऐसी पोल पट्टी खोली कि केजरीवाल को शर्म आनी चाहिए थी। स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा कि यह वीर सिंह धीगान वही राशन माफिया है, जिसके खिलाफ केजरीवाल 2004 से 2011 धरने दिया करते थे। उससे पहले तीन बार से चुनाव हार रहे कांग्रेस के मतीन अहमद को ले आए थे। जबकि, दूसरी तरफ साफ़ छवि वाले केजरीवाल को छोड़ रहे हैं। इससे पहले कुमार विश्वास, आनंद कुमार, योगेन्द्र यादव, आशीष खेतान, आशुतोष आदि छोड़ कर गए तो सिवा शाजिया इल्मी के कोई अन्य राजनीति में नहीं आए। लेकिन, अब जो छोड़ कर जा रहे हैं, वे सभी इस बार चुनाव मैदान में केजरीवाल की पोल पट्टी खोलेंगे, चाहे वह राजकुमार आनन्द हो या राजेन्द्र गौतम हो या कैलाश गहलोत। तीनों ओबीसी और दलित वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। तीनों केजरीवाल के मंत्री थे, और इन तीनों को केजरीवाल के काले कारनामों का बहुत कुछ पता है। कैलाश गहलोत ने इस्तीफे में केजरीवाल के पापों का पिटारा खोल दिया है। आगे चल कर और भी बहुत कुछ बोलेंगे, क्योंकि उन्होंने राजनीति में बने रहने का ऐलान भी किया है। हो सकता है कि वह भाजपा को ही ज्वाइन करें। वह आम आदमी पार्टी का एकमात्र गंभीर चेहरा थे, जिन्हें एलजी ने इस बार स्वतन्त्रता दिवस पर झंडा फहराने के लिए चुना था। कैलाश गहलोत ने जो सबसे गहरी बात की है, वह यह है कि जनता के अधिकारों के लिए लड़ने की बजाए केजरीवाल राजनीतिक एजेंडे के लिए लड़ते रहे। हर रोज केंद्र सरकार के साथ पंगा, हर रोज कोर्ट कचहरी। आम आदमी पार्टी के पास वही एक रटा रटाया जवाब है कि कैलाश गहलोत को ईडी का डर था। अरे भाई किस मामले में, गहलोत को ईडी ने एक बार बुलाया था, वह भी केजरीवाल के पापों का हिसाब लेने के लिए। ईडी ने उनसे पूछा था कि मंत्री के नाते मिले उनके घर में कौन रहता है तो उन्होंने बता दिया था कि केजरीवाल का आदमी विजय नायर रहता है, जिसने मंत्री के घर को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

### आसपास के क्षेत्र के 60 लोग गैस से प्रभावित हुए

# ईरान में क्लोरीन गैस रिसाव की चपेट में आए 60 लोग

**तेहरान ।** ईरान के इस्फ़हान प्रांत में क्लोरीन गैस लीक होने से 60 लोग जहरीली गैस के संपर्क में आ गए। जब शाहरेजा काउंटी में एक ट्रक पलट गया, जो क्लोरीन गैस सिलेंडर ले जा रहा था। यह स्थान प्रांत की राजधानी इस्फ़हान से 80 किलोमीटर दक्षिण में है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचे। प्रांतीय संकट प्रबंधन विभाग के प्रमुख, मंसूर शिशेहफोरूश ने बताया कि सिलेंडरों में से एक से क्लोरीन गैस का रिसाव होने के कारण आसपास के क्षेत्र के 60 लोग गैस से प्रभावित हुए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने यह भी बताया कि संकट प्रबंधन विभाग, रेड क्रेसेंट सोसाइटी, ट्रैफिक पुलिस और अन्य एजेंसियों ने मिलकर स्थिति को नियंत्रित किया और क्षेत्र को सुरक्षित बनाया। इसके बाद सड़क को फिर से खोल दिया गया।

### टकराव के बीच अमेरिका ने बड़ा फैसला लिया

# 'यूक्रेन रूस पर हमले के लिए लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करे'

**अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पद छोड़ने से महज दो महीने पहले बड़ा फैसला लिया**

एजेंसी, नई दिल्ली


रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध बीते 33 महीने से जारी है। दोनों देशों के हिंसक संघर्ष में अब तक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। कुछ अपुष्ट रिपोर्ट्स में हताहतों की संख्या लाख के ऊपर होने का दावा भी किया जाता है। दोनों देशों के टकराव के बीच अमेरिका ने बड़ा फैसला लिया है। खबरों के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 19 जनवरी, 2024 को पूरा होने वाले कार्यकाल से पहले यूक्रेन को रूस पर हमले के लिए मिसाइलों के इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। यह युद्ध की शुरुआत के बाद पहला मौका है जब बाइडन ने यूक्रेन को अमेरिका से सप्लाई की गई मिसाइलों के इस्तेमाल की अनुमति दी है। सूत्रों ने इस बात का दावा किया है कि बाइडन का यह फैसला अमेरिका की नीति में बड़ा बदलाव है। गौरतलब है कि अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद इस बात को दोहराया है कि वे जल्द से जल्द युद्ध समाप्त करने के लिए हरसंभव उपाय करेंगे। इसमें यूक्रेन को अमेरिका की तरफ से दी जा रही मदद को सीमित करने का विकल्प भी शामिल है।

### घातक हथियारों का इस्तेमाल

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर आक्रमण के लिए उत्तर कोरिया का समर्थन हासिल किया है। उत्तर कोरिया ने रूस में हजारों सैनिक भेजे हैं। इस फैसले के जवाब में अब अधिक घातक हथियारों का इस्तेमाल किए जाने की संभावना है।

### चर्चा करने की अनुमति नहीं

अमेरिका की तरफ यूक्रेन को दी गई अनुमति के मामले से परिचित सूत्रों ने सार्वजनिक रूप से इस मुद्दे पर अधिक चर्चा करने की अनुमति नहीं होने का हवाला देते हुए बाइडन के फैसले की विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया। उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बात की।



### अध्ययन: पर्यावरणीय और सामाजिक-आर्थिक समस्याओं में बढ़ोतरी और गंभीर रूप ले रही

# फसलें सोख रहीं जरूरत से ज्यादा पानी, भविष्य के लिए बड़ा खतरा

- 175 फसलों को उनके हरे और नीले जल पदचिह्नों के आधार पर इसकी पड़ताल की गई
- पानी की खपत में करीब 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और इसमें लगातार वृद्धि जारी



एजेंसी, नई दिल्ली

दुनिया भर में फसल उगाने के लिए 72 फीसदी मीठा पानी इस्तेमाल किया जाता है। 1990 के बाद मुख्य फसलों को उगाने के लिए पानी की खपत में करीब 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और इसमें लगातार वृद्धि जारी है। इस वजह से दुनिया भर में पहले से मौजूद पर्यावरणीय और सामाजिक-आर्थिक समस्याओं में बढ़ोतरी और गंभीर रूप ले रही है। यह जानकारी ट्वेन्टे विश्वविद्यालय (यूटी) नीदरलैंड के शोधकर्ताओं की ओर से किए गए एक नए अध्ययन में सामने आई है। एनवायरनमेंटल रिसर्च लेटर्स नामक पत्रिका में इसका प्रकाशन हुआ है। अध्ययन में 1990 से 2019 के दौरान 175 फसलों को उनके हरे और नीले जल पदचिह्नों के आधार पर इसकी पड़ताल की गई है। हरा पानी यानी बारिश से आने वाला पानी और नीला पानी सिंचाई और उथले भूजल से आता है। इन दो तरह के पानी के प्रकारों के बीच अंतर इसलिए जरूरी समझा गया, क्योंकि वे पारिस्थितिकी तंत्र और समाज में अलग-अलग भूमिका निभाते हैं।

### भारत में भूगर्भ जल का सर्वाधिक इस्तेमाल सिंचाई में

भारत, चीन और अमेरिका पानी के सबसे बड़े उपभोक्ता हैं। भारत में भूगर्भ जल का इस्तेमाल सबसे ज्यादा होता है। निकाले जाने वाले कुल भूगर्भ जल में से 89 फीसदी का इस्तेमाल सिंचाई के लिए होता है। चीन दूसरा सबसे अधिक पानी का उपयोग करने वाला देश है। चीन में नदियाँ, झीलें और समुद्री जल का व्यापक उपयोग होता है। चीन में हाइड्रोपावर ऊर्जा उत्पादन, कृषि, औद्योगिक उपयोग और जलयानों के लिए भी भूगर्भीय जल का उपयोग होता है।

### दुनिया के सामने खड़ा हो सकता है भयावह संकट

शोधकर्ता अपने निष्कर्ष में कहते हैं कि आने वाले दशकों में लोग फसल उत्पादन के लिए पानी की खपत को लगातार बढ़ाते जाएंगे। इस वजह से दुनिया भर में सीमित हरे और नीले जल संसाधनों पर अधिक दबाव पड़ेगा और दुनिया के सामने पानी का भयावह संकट खड़ा हो सकता है।

### इन कारणों से हो रही पानी के इस्तेमाल में ज्यादा खपत

शोधकर्ताओं के अनुसार 2000 से 2019 के बीच फसलों के उत्पादन के लिए पानी के इस्तेमाल में लगभग 90 फीसदी की वृद्धि हुई। ऐसा तीन मुख्य सामाजिक-आर्थिक कारकों की वजह से हुआ।

संपादकीय

# मणिपुर की नियति

**पिछले** डेढ़ साल से मणिपुर लगातार सुलग रहा है। वहां नए सिरे हिंसा की खबरें हैं। जब मंत्रियों, विधायकों पर हमले होंगे, तो समझा जा सकता है, हालात कितने खराब हैं। वहां एक बार फिर इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

**हिंसा मणिपुर की नियति बन चुकी है। आखिर क्या कारण है कि हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, लेकिन डबल इंजन की सरकार कुछ नहीं कर पा रही है?**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपना नागपुर का दौरा रद्द करके दिल्ली लौट आए हैं। खबरों में कहा जा रहा है कि अमित शाह कड़ा एक्शन लेने की तैयारी में हैं। कड़ा एक्शन लेने की बातें तो तब से ही कही जा रही हैं, जब से मणिपुर में हिंसा शुरू हुई थी। पिछले जो कड़े एक्शन लिए गए थे, उनका क्या नतीजा निकला किसी को नहीं मालूम। अब देखना यह है कि नए कड़े एक्शन का क्या नतीजा निकलेगा। 11 नवंबर से लापता छह मैतेई महिलाओं और बच्चों में से 15 नवंबर को तीन, 16 नवंबर को एक और रविवार सुबह ढाई साल के एक बच्चे का शव बरामद किए गए। 25 साल की छठी महिला की भी हत्या करने की आशंका है। उनकी तलाश की जा रही है। लापता मैतेई महिलाओं और बच्चों के शव मिलने से शनिवार को मणिपुर में हिंसा भड़क उठी। गुस्साए लोगों ने तीन मंत्रियों और छह विधायकों के घरों पर धावा बोल दिया था। आग लगाने और तोड़फोड़ की भी कोशिश की गई। हालात काबू से बाहर होते देख मणिपुर में प्रभावित तमाम इलाकों में इंटरनेट सेवा भी रोक दी गई हैं। हिंसा मणिपुर की नियति बन चुकी है। आखिर क्या कारण है कि हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, लेकिन डबल इंजन की सरकार कुछ नहीं कर पा रही है? मुख्यमंत्री बीरेन सिंह, जो हिंसा रोकने में नाकाम रहे हैं, उन्हें क्यों ढोया जा रहा है। अगर मणिपुर में गैर भाजपा सरकार होती तो संभव है कि वहां अब तक राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाता। इस बीच एनडीए की सहयोगी पार्टी एनपीपी ने मणिपुर में बीजेपी की अगुवाई वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। कांग्रेस के पांच विधायकों ने भी इस्तीफे की पेशकश की है। यह एक तरह से बिरेन सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति लगती है, लेकिन सात सहयोगी विधायकों के इस्तीफे के बाद भी मणिुपर सरकार पर संकट नहीं आएगा। इस समर्थन वापसी से सरकार पर संकट नहीं है क्योंकि मणिपुर में बीजेपी का बहुमत है। मणिपुर विधानसभा में 60 सीटें हैं। इसमें बीजेपी के 32 विधायक हैं। साथ ही जेडीयू के 6 विधायक, एनपीएफ के पांच विधायक और तीन निर्दलियों का भी बीजेपी को समर्थन है। कुकी पीपल्ल अलायंस ने भी पिछले साल बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। उनके 2 विधायक हैं।

# यूरोप के विचलित होने की वजह



**शाहीन सबा**

**अ**मेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद यूरोप असमंजस की स्थिति में है। असमंजस की बड़ी वजह यूरोप का वह पूर्वाग्रह हैं, जहां यूरोप और उसके नेताओं ने यह मान लिया है कि ट्रंप 2.0 में यूरोप-अमेरिकी संबंध तनाव और सद्भाव के मिले-जुले माहोल में ही आगे बढेंगे। ट्रंप की जीत के बाद यूरोपीय संघ (ईयू) के अध्यक्ष और उत्तर अटलांकटिक संधि संगठन (नाटो) के चीफ के जो बयान आए हैं, उसमें असमंजस के साथ उनकी घबराहट भी दिख रही है। यूरोपीय नेताओं की यह मनःस्थिति और उसमें छिपी घबराहट बेवजह नहीं है। चुनाव कैंपन के दौरान ट्रंप ने यूरोप के साथ व्यापार युद्ध से लेकर नाटो प्रतिबद्धताओं को वापस लेने और रूस के साथ चल रही जंग में यूक्रेन के समर्थन में बुनियादी बदलाव लाने की जो बात कही है, जाहिर है उसकी प्रतिछाया में ईयू नेताओं का विचलित होना स्वाभाविक है।

कट्टरपंथी संरक्षणवादी ट्रंप की सत्ता में वापसी के बाद यूरोप के अतिआधुनिक राजनीतिक तंत्र में यह सवाल उठने लगे हैं कि अलगावादी प्रवृति और सत्ता के शीर्ष पर स्थित शक्ति के अवयव के प्रति लगाव के कारण कही ट्रंप अपने नाटो सहयोगियों को दरकिनार कर पुतिन के साथ 'रणनीतिक पींगे' तो नहीं बढाने लगेंगे। रूस-यूक्रेन युद्ध में यूरोप की प्रतिष्ठा दाव पर है। युद्ध में ट्रंप का क्या रुख रहेगा। क्या वह चुनावी बयान पर अमल करते हुए यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति और आर्थिक मदद में सख्त रवैया दिखाएंगे या पूर्ववर्ती बाइडेन प्रशासन की नीति को बरकरार रखेंगे। यूरोप के रणनीतिक गलियारे में यह सवाल आम हो गए है। यूरोप की सुरक्षा, नाटो के रक्षा खर्च में उसकी हिस्सेदारी, रूस के मजबूती से उभरने और व्यापारिक मोर्चे पर टैरिफ बढ़ाए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे है।



**यूरोप की आंतरिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। राजनीतिक अस्थिरता और धूर-दक्षिणपंथी उभार के कारण यूरो क्षेत्र की वित्तीय स्थिरता प्रभावित हुई है। उसकी आर्थिक प्रतिस्पर्धा में गिरावट आ रही है। ऐसे में अमेरिकी विदेश नीति के मोर्चे पर ट्रंप ने जो बयान दिए है, उससे यूरोप का विचलित होना स्वाभाविक ही लगता है।**

पहले बात करते हैं व्यापार समझौतों की। दरअसल, ट्रंप वैश्विकरण के बजाए अमेरिकीवाद के समर्थक है। उनके चुनावी कैंपन में इस कथित अमेरिकी वाद (राष्ट्रवाद) की गूंज हर जगह दिखी। जाहिर है वे अमेरिका के आर्थिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए अपने साझेदारों के साथ मौजूदा व्यापार सौदों पर फिर से बातचीत करना चाहेंगे, ताकि कुछ ऐसी शर्तें तय की जा सकें, जो अमेरिका के व्यापारिक हितों के लिए फलदायी हों। ट्रंप मुक्त व्यापार के आलोचक भी हैं। उनका मानना है कि इससे अमेरिकी हितों को नुक्सान पहुंचा है। चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौते (एनएएफटीए), ट्रांस-पैसिफिक पार्टनशिप (टीपीपी) और यहां तक कि विश्व व्यापार संगठन जैसे कई समझौतों की समीक्षा करने और जरूरी हुआ तो अमेरिकी व्यापार नीति में बड़े बदलाव का संकल्प लिया है। कई देशों पर 45 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की बात भी कही जा रही है। यूरोप की अर्थव्यवस्था इस समय नाजुक दौर से गुजर रही है, टैरिफ में अप्रत्याशित वृद्धि से उसकी परेशानी बढ़ सकती है। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भी अमेरिका और यूरोप के बीच व्यापार युद्ध की स्थिति रही। उस वक्त भी दोनों ने एक-दूसरे के इस्पात और अन्य उत्पादों पर उच्च आयात शुल्क लगा दिए थे। ऐसे में ईयू को चिंता है कि ट्रंप अपने कट्टरपंथी संरक्षणवादी संकल्प को लागू कर उनकी परेशानी बढ़ा सकते हैं।

सच तो यह है कि अमेरिका का वैश्विक व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। चीन के बाद यूरोप दूसरा ऐसा बड़ा बाजार है, जहां अमेरिका व्यापारिक असंतुलन के कारण घाटे की स्थिति में है। पिछले कुछ दशकों में यह और अधिक बढ़ा है। उसके 20 बड़े व्यापारिक साझेदारों में से 15 के साथ नकारात्मक असंतुलन है। ट्रंप अमेरिकी अर्थव्यवस्था को इस असंतुलन से बाहर लाना चाहते हैं। हालांकि, अभी इस बात की संभावना कम ही है कि वे यूरोप से आने वाले उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाएंगे। ट्रंप भी इस बात का जानते हैं कि ईयू की नाजुक अर्थव्यवस्था के बावजूद उसमें सकारात्मक वृद्धि की गुंजाइश है। संकटों की बहुलता के बावजूद यह वृद्धि अगले कुछ दशकों तक जारी रहेगी। ईयू दुनिया का सबसे बड़ा एकल बाजार और अमेरिका का पहला व्यापारिक साझेदार है। ऐसे में सकारात्मक आर्थिक वृद्धि का कुछ लाभ अमेरिका अर्थव्यवस्था को भी होगा। दूसरा, चीन और कुछ अन्य उभरते देशों की तीव्र वृद्धि का दौर भी अमेरिका को ईयू के साथ व्यपारिक कदमताल के लिए मजबूर करेगा।

परेशाानी का दूसरा बड़ा कारण नाटो की संस्थागत व्यवस्था भी है। ट्रंप लगातार इस बात की आलोचना कर रहे हैं कि अमेरिका अपने बजट का एक बड़ा हिस्सा यूरोप की सुरक्षा पर खर्च कर रहा है। उनका कहना है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैश्विक सुरक्षा के नाम पर अमेरिका बहुत बड़ी राशि खर्च कर चुका है, और बदले में उसे 'कुछ खास' प्राप्त नहीं हुआ है। कोई दो राय नहीं कि ट्रंप की आलोचना में तथ्यात्मक सच्चाई है। लेकिन इस तथ्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि अमेरिका की इस कथित दरियादिली में उसके सुरक्षा हित भी छिपे हुए हैं। ट्रंप का कहना है कि नाटो सहयोगी साल 2014 के लक्ष्य (जीडीपी का 2 प्रतिशत ) को पूरा नहीं कर रहे हैं। साल 2014 के नाटो शिखर सम्मेलन में यह तय किया गया कि प्रत्येक सदस्य देश अपने जीडीपी का 2 प्रतिशत देश की सुरक्षा या सैन्य खर्च पर खर्च करेंगे। चुनाव कैंपन के दौरान विदेश नीति के मसले पर अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा कि यदि नाटो सदस्य अपनी सैन्य खर्च प्रतिबद्धताओं को पूरा नही करते हैं, तो संयुक्त राज्य अमेरिका को इन देशों को खुद की रक्षा करने देने के लिए तैयार रहना चाहिए। निसंदेह, ट्रंप के इस बयान के बाद नाटो के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे है। इस सवाल से भी ईयू की बैचनी बढ़ी है।

दूसरी ओर यूरोप की आंतरिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। राजनीतिक अस्थिरता और धूर-दक्षिणपंथी उभार के कारण यूरो क्षेत्र की वित्तीय स्थिरता प्रभावित हुई है। उसकी आर्थिक प्रतिस्पर्धा में गिरावट आ रही है। ऐसे में अमेरिकी विदेश नीति के मोर्चे पर ट्रंप ने जो बयान दिए है, उससे यूरोप का विचलित होना स्वाभाविक ही लगता है।

पाठकवाणी

## शराब और सड़क दुर्घटना

**सड़क** दुर्घटनाओं में शराब की भूमिका के बारे में समाज के हर वर्ग के नागरिक भलीभांति वाकिफ है, लेकिन मुझे ऐसा लगता हैं कि शराब से प्राप्त होने वाले राजस्व के लोभवश लोग इसके खिलाफ आवाज उठाने से हिचकते हैं। शराब पीकर चल रहे वाहन चालकों की जांच के लिए पुलिस को अल्कोहल एनालाईजर मशीनें भी दी गई हैं। प्रश्न तो यह है कि इन मशीनों का उपयोग पुलिस द्वारा समुचित ढंग से किया जा रहा है कि नहीं? कटु वास्तविकता तो यह है कि सड़क दुर्घटनाएं नित्य नए-नए कीर्तिमान स्थापित करती जा रही हैं।

-**संदीप कुमार**, मधुपुर (झारखंड)

## बिरसा मुंडा की जयंती

**राजनीतिक** कारण ही सही देश के चुनावी माहौल में 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती झारखंड में ही नहीं देशभर में मनाई गई। दिल्ली में अंतर राज्य बस टर्मिनल शेख सराय चौक का नाम भगवान बिरसा मुंडा चौक रखा गया। हालांकि आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा एवं मूलभूत सुविधाएं का अभाव है और जल जंगल जमीन का संघर्ष भी जारी है। बिरसा मुंडा एवं उपेक्षित समाज के महानायकों की प्रतिमाएं देश भर में लगाए जाती हैं, तो यह एक-दूसरे की सम्मान और नायकों का भी सम्मान होगा।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

कुछ खास



कैलाश गहलोत का इस्तीफा बीजेपी की गंदी राजनीति और षड्यंत्र का हिस्सा है। कैलाश गहलोत के ऊपर ईडी-आईटी का छापा डलवाकर दबाव बनाया गया और अब जो स्क्रिप्ट बीजेपी की तरफ से उन्हें दी गई है, वह उसी हिसाब से बोल रहे हैं।

-**संजय सिंह**, आप सांसद

आज का ट्वीट



''झांसी मेडिकल कॉलेज में दस नवजात बच्चे ज़िंदा जल गए। क्या लिखूं इस पर..! गला फाड़-फाड़ के चिल्लाती रहती हूं कि स्वास्थ्य-सेवाएं सुधारो, बदले में गालियां दी जाती हैं।''

-**नेहा सिंह राठौर**

साइबरवर्ल्ड

## जाति जनगणना से किसे परेशानी?

**आजादी** के बाद कांग्रेस की सरकार बनी तो कांग्रेस ने लोकतंत्र का ऐसा सिस्टम बनाया कि जनता जिसे चाहे उसे चुने, जिसे न चाहे उसे सत्ता से बेदखल कर दे। बाद में मंदिर मस्जिद, भारत पाकिस्तान, हिंदू मुस्लिम का राजनीतिक कॉकटेल बना कर जनता का ब्रेन वाश किया गया। अब बीजेपी की सरकार है और वह लोकतंत्र को अब उस स्तर तक कभी ईमानदार निष्पक्ष और मजबूत नहीं होने देगी जिससे जनता केंद्र की सरकार बदल सके, जिसे चाहे चुन सके, जिसे चाहे हटा सके। दुर्भाग्य से 80 प्रतिशत हिंदुओं को अभी भी इतना नहीं मालूम कि उनके पिछड़ेपन, गरीबी, अशिक्षा का असली कारण क्या है? गुलामी क्या होती है और आम जनता को किस किस तरीके से गुलाम बनाया जाता है। सबको हिंदू बन कर एक खास जाति वर्ग की सरकार बनाई जा रही है, लेकिन जातियों के आधार पर जो भेदभाव शोषण हुआ और हो रहा है उस विषय पर कोई बात नहीं कर रहा है। राहुल गांधी ने जाति के आधार पर बनाई गई असमानता की खाई को भरने के लिए, हक और न्याय के लिए जातीय जनगणना की बात की, ताकि जातियों के आधार पर किया गया जुल्म भेदभाव और शोषण का पता चल सके, किसे कितना रिसोंसेज मिला, किसे कितना अवसर मिला, कौन कितना पढ़ा, कितना आगे बढ़ा और किसकी क्या स्थिति है, उसका पता लगाया जा सके, ताकि खाइयों को भर कर सबका जीवन स्तर ठीक किया जा सके। जातीय जनगणना से सत्ता में बैठे मठाधीशों को प्रॉब्लम होने लगी, उन्होंने इस जाति जनगणना के असली उद्देश्य को गुमराह करने की मुहिम चलानी शुरू कर दी, इस मुहिम को सफल बनाने के लिए उन्हें चाहिए था ईंधन खुराक। उन्होंने इसके लिए मुस्लिमों का खौफ दिखाना शुरू कर दिया। बंटेंगे तो कटेंगे का इशारा मुस्लिम की ओर है, मगर बैक ग्राउंड में जो थीम है, वह ओबीसी एससी एसटी आदिवासी के खिलाफ है। यह सरकार कांग्रेस की सरकार नहीं है, जिसने आपको वोट का अधिकार दिया। यह बीजेपी की सरकार है और यह सरकार 122 के नियमों से चलती है, 122 कभी नहीं चाहेगा कि सत्ता उसके हाथ से बाहर निकले।

-**अमरेंद्र शर्मा** की फेसबुक वॉल से

# कभी अनेकता में एकता थी

**सना**



सिख समुदाय आशूरा दिवस समारोह का हिस्सा हुआ करता था। उपमहाद्वीप का सबसे बुरा अंधकार युग चला गया, इतिहास उन्हें इस महान पाप के लिए कभी माफ नहीं करेगा, अन्यथा यह वह भूमि थी जहां सिख, मुस्लिम और हिंदू सभी रहते थे। 1947 में देश के विभाजन के बाद संयुक्त पंजाब में वे एक-दूसरे के धार्मिक आयोजनों में बड़े पैमाने पर हिस्सा लेते थे, यहां तक कि गुरु नानक देव भी मुहर्रम की 10वीं तारीख को आशूरा के दिन के रूप में मनाते थे इन समारोहों में एक जीवन है, जिसे सिख मुस्लिम और हिंदू बुजुर्गों ने विभाजन-पूर्व काल में देखा है और जो सांप्रदायिक सद्भाव के प्रत्यक्षदर्शी हैं। उनका मानना है कि यह युग जल्द ही लौटेगा और नफरत की जगह प्यार ले लेगा

तीखी नजर

# बंटोगे तो कटोगे बीच में जलोगे



राजेंद्र शर्मा

**अ**ब ये तो एकदम से सिलेबस से बाहर वाली बात हो गई। बेचारे योगी जी देश भर में घूम-घूमकर हिंदुओं को जगाने में लगे हुए थे, बंटोगे तो कटोगे। मोदी जी भी उनके सुर में सुर मिला रहे थे-एक रहोगे तो सेफ रहोगे। इसी बीच झांसी सबसे बड़े सरकारी अस्पताल के बच्चों के वार्ड में आग लग गई और बंटोगे-कटोगे के बीच में अचानक जलोगे आ टपका। योगी जी चकरा गए। ऐसे अचानक से सिलेबस से बाहर से कुछ भी आ जा, तो कोई भी चकरा ही जाएगा। आखिर, जलोगे की तुक मिलाएं भी तो किस से? कानपुर में उप-चुनाव के लिए रोड शो करते हुए, योगी जी सबसे ज्यादा इसी उधेड़-बुन में रहे होंगे कि जलोगे की तुक किस से मिलाएं। बेशक योगी हैं, अपने मन को समझा लिया होगा-शो मस्ट गो ऑन। फिर भी एक बेचैनी सी तो रही ही होगी। आखिर, दस-दस बच्चे मर गए और उससे भी ज्यादा घायल हो गए, पर उन्हें एक तुक नहीं मिल रही, जलेंगे की तुक किस से मिलाएं। इसी चक्कर में बेचारे बंटेंगे तो कटेंगे का अपना एलान भी भूल गए। जलोगे की तुक के बिना लय जो बिगड़ गई।

अब प्लीज इसकी तुलना नीरो से बांसुरी बजाने से करने की कोशिश कोई न करे। नीरो की बांसुरी और योगी जी की चुनाव दुंदुभी में जमीन आसमान का अंतर है। पहली बात तो यही है कि नीरो, उसका रोम सब विदेशी है, जबकि हमारे योगी जी शुद्ध से शुद्ध स्वदेशी हैं। इतने स्वदेशी कि उन्हें भूरे अंगरेज कहने वाले भी सोच में पड़ जाएंगे कि ऐसा कह सकते हैं या नहीं। दूसरे नीरो को बांसुरी बजाने का शौक था, जबकि योगी जी के पास बांसुरी-वांसुरी जैसी फालतू चीजों के लिए टैम ही कहां है। अलबत्ता मोदी जी के नक्शे कदम पर चलते हुए, उन्हें चुनाव युद्ध की दुंदुभी बजाने का शौक जरूर है। तीसरी बात यह है कि नीरो को बांसुरी बजाने की प्रेरणा रोम शहर के जलने से मिली थी, झांसी भी स्मार्ट सिटी सही, पर ये मामला तो शहर के एक अस्पताल के भी एक वार्ड और वह भी बच्चों के वार्ड के जलने का ही था। जाहिर है कि दोनों प्रेरणाओं के बीच कोई तुलना संभव नहीं है।

बेचारे योगी जी मरजानी यूपी को देश में ही नहीं दुनिया भर में नंबर वन बनवाने में जुटे हुए हैं कि नहीं। इसी दीपावली को अयोध्या में 35 लाख दिए एक सात जलवाकर विश्व रिकार्ड बनाए थे या नहीं? अभी देव दीपावली पर काशी में दीये जलाने का ऐस ही रिकार्ड बनाया है या नहीं? देश भर में जहां भी चुनाव प्रचार करने जाते हैं, बंटोगे तो कटोगे की पुकार से चेताने के अलावा यूपी के अपने रामराज्य का खुद अपने मुंह से बखान करते हैं या नहीं। केरल तक को यूपी के स्वास्थ्य के मॉडल से सीखने के का रास्ता दिखाते हैं या नहीं? अर्थव्यवस्था को ट्रिलियनों में पहुंचाने का सपना दिखाते हैं या नहीं? इस सब के सामने दस-बारह बच्चों की असमय मौत किस गिनती में आती है? इसलिए, शो मस्ट गो ऑन। बटेंगे तो कटेंगे का प्रचार मस्ट गो ऑन एंड ऑन एंड ऑन। बस जरा जलेंगे के लिए कोई अच्छी सी तुक मिल जाए।

नजरिया

# सालाना एक करोड़ रोजगार की दरकार



**डॉ. राजेंद्र प्रसाद**

**गो**ल्डमैन सैक्स की हालिया रिपोर्ट चुनौतीपूर्ण होने के साथ ही आर्थिक विकास की गति को बनाए रखने के लिए जरूरी भी हो जाती है। रिपोर्ट में जीवीए यानी कि ग्रास वेल्यू एडिशन 6.5 प्रतिशत बनाए रखने के लिए 2025 से 2030 के दौरान सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करना आवश्यक है। हालांकि जिस तरह से देश की इकोनोमी उछालें भर रही है, उस स्थिति में इस लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल भी नहीं लगता है। दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनोमी बनने के लिए हमें रोजगार के नित नए अवसर तो विकसित करने ही होंगे, वहीं इस तरह की आर्थिक नीति तय करनी होगी जिससे देश में स्थानीय स्तर पर आय के साधन विकसित हों, आर्थिक गतिविधियां बढ़ें, मेट्रोपोलिटन सिटीज के स्थान पर छोटे शहरों कस्बों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ें। इसके लिए सरकार को रोडमैप बनाकर आगे बढ़ना होगा। जिस दिशा में देश की आर्थिक नीति ले जा रही है, उसमें मामूली सा बदलाव ही करना होगा। विकास के केंद्र को विकेंद्रित करना होगा। बड़े शहरों की और पलायन को रोकते हुए नए आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र विकसित करना होगा।

यह बात साफ हो जानी चाहिए कि एमएसएमई-मैन्यूफेक्क्रिंग-विनिर्माण क्षेत्र ऐसा है जहां रोजगार के अवसर अधिक विकसित होते हैं। देश में एक करोड़ सालाना रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए पहले से ही कार्ययोजना तैयार है। केवल इस कार्ययोजना को नए सिरे से अंजाम देने की आवश्यकता है। कोरोना के बाद चीन की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है और उसके चलते दुनिया के देश भारत की और आशा की नजर से देख रहे हैं। यही कारण है कि एक और मल्टीनेशनल कंपनियां भारत की और रुख कर रही हैं, तो दूसरी और जिस तरह से देश में आधारभूत ढांचे का विकास हो रहा है, उससे आर्थिक विकास को गति मिली है। अटल बिहारी वाजपेई सरकार के समय स्वर्ण चतुर्भुज योजना बनी और जिस तरह से मोदी सरकार में गड़करी के नेतृत्व में हाईवे, एक्सप्रेस हाईवे आदि बनकर तैयार हो रहे हैं उससे आवागमन आसान हआ है। इससे आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली है।

**देश में युवा पीढ़ी का वर्चस्व है। ऐसे में प्रोडक्टिविटी बढ़ाना सहज हो जाता है। सरकार को ऐसी नीतियां बनानी होंगी ताकि आधारभूत सुविधाओं का विकेंद्रित विस्तार हो और रोजगार परक गतिविधियां आसान हों। निर्यात को और अधिक आसान बनाया जाए।**



इसमें कोई दो राय नहीं कि रियल एस्टेट सेक्टर ऐसा सेक्टर है जहां 80 प्रतिशत तक रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। अब सरकार को रियल स्टेट को मेट्रोपोलिटन शहरों से छोटे शहरों-कस्बों की और शिफ्ट करने पर ध्यान देना होगा, जिससे बड़े शहरों पर दबाव कम होगा। इसी तरह से बैंगलोर को आईटी का केंद्र बनाने या गुरुग्राम या नोएडा या गेटर नोयेडा या अन्य इसी तरह के देश के विभिन्न हिस्सों में केंद्र विकसित होने से इन स्थानों पर अत्यधिक दबाव बढ़ा है और उसके परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसें में टियर 2 व टियर 3 के शहर कस्बों में आईटी हब विकसित करने, इनके आसपास के क्षेत्रों में छोटे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने, इन स्थानों पर जीसीसी यानी कि ग्लोबल केपेसिटी सेंटर विकसित करने के आवश्यकता है। लघु उद्योगों के विकास और उनके निर्यात को बढाना होगा। मोदी सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और छोटे उद्योगों को प्रोडक्शन लिंक्ड योजना के तहत प्रोत्साहन से निश्चित रुप से औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। आज भी कपड़ा, जूते, खिलौने, खाद्य सामग्री और इसी तरह के बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं जहां सरकार ध्यान भी दे रही है तो दूसरी और विकास और रोजगार के अवसर विकसित हो रहे हैं।

वैसे देखा जाए तो पिछले बीस सालों में 19 करोड़ 60 लाख नए रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। इसमें भी गत एक दशक में अधिक तेजी आई है। कोरोना के बाद से परिस्थितियों में तेजी से बदलाव आया है तो वैश्विक सिनेरियों भी भारत के पक्ष में साफ दिखाई दे रहा है। दुनिया के देश खास तौर से रुस-यूक्रेन, इजराइल-हमास-ईरान आदि आपस में जूझ रहे हैं तो योरोपीय देश, अमेरिका आदि अपनी अपनी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में भारत के पास राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर सामने आ रहे हैं। फिर देश का राजनीतिक नेतृत्व भी जिस तरह से दुनिया के देशों पर डोमिनेट होकर के उभरा है उसके भी सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सख्त फैसले लेने वाली सरकार आज की आवश्यकता है और अमेरिका के हालिया चुनाव नतीजे इसे साफ करते हैं।

एक सकारात्मकता यह भी है कि देश में आज युवा पीढ़ी का वर्चस्व है और ऐसे में प्रोडक्टिविटी बढ़ाना और बढ़ना दोनों ही सहज हो जाता है। सरकार को इस तरह की नीतियां बनानी होगी ताकि आधारभूत सुविधाओं का विकेंद्रित विस्तार हो और रोजगार परक गतिविधियां आसान हों, बाजार के हालात अच्छे होने के साथ ही निर्यात को और अधिक आसान बनाया जाए। ऐसे में विकास या आर्थिक गतिविधियां केंद्रीकृत ना होकर के विकेंद्रित होंगी और स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार के अवसर व कौशल विकास संभव हो पाएगा। आज के हालात में गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट इसलिए चिंतनीय नहीं होनी चाहिए कि देश में सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करना कोई चुनौतीपूर्ण काम नहीं होगा केवल सोच व क्रियान्वयन पर जोर देना होगा।

## सार संक्षेप

### सैनी ने बॉक्सर सांगवान को दी बधाई

**गुरुग्राम** : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाल में अमेरिका के कोलोराडो शहर में आयोजित यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अंडर-19 श्रेणी में गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाले विजेता हेमंत सांगवान को रविवार को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने इसीके साथ सांगवान को वर्ष 2028 ओलंपिक की लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गुरुग्राम के सिविल लाइन्स स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई इस मुलाकात में हेमंत के कोच हितेश देशवाल भी मौजूद रहे। झज्जर के रामनगर निवासी हेमंत सांगवान ने फाइनल मैच में अमेरिका के रिशों सिम्स को 4-1 से हराया था। चैंपियनशिप 23 अक्टूबर से दो नवंबर के बीच आयोजित की गई थी।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर मुंबई के कप्तान



**मुंबई** : डोमेस्टिक टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 में मुंबई की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। इसके लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने 17 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टूर्नामेंट 23 नवंबर से 15 दिसंबर तक खेला जाएगा। मुंबई का पहला मैच गोवा से है। पहले रिपोर्ट्स आई थी कि रणजी ट्रॉफी की तरह रहाणे ही मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी मुंबई की कप्तानी संभालेंगे। लेकिन टी-20 फॉर्मेट को ध्यान में रखते हुए अय्यर को कप्तान बनाया गया है। रविवार को एक अधिकारी ने कहा कि अय्यर सैयद मुश्ताक अली के लिए मुंबई की टी-20 टीम के कप्तान रहेंगे, टीम में शॉ को भी शामिल किया गया है। 25 साल के पृथ्वी शॉ को फिटनेस की वजह से रणजी ट्रॉफी में टीम से बाहर कर दिया गया था। जिसके बाद उनकी टीम में वापसी हुई है। स्क्वॉड में अनुभवी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे, शार्दुल ठाकुर और सिद्धेश लाड जैसे नाम हैं, वहीं सूर्यकुमार यादव भी कुछ मैच के बाद टूनार्मेंट खेल सकते हैं। हाल ही में इंडिया-ए के लिए खेलने वाले तनुष कोटियान का नाम भी टीम में शामिल है।

### आकिब जावेद पाकिस्तान के नए हेड कोच होंगे, जेसन गिलेस्पी की जगह लेंगे



**कराची** : पूर्व पाकिस्तानी बॉलर आकिब जावेद पाकिस्तानी टीम के नए हेड कोच बन सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जेसन गिलेस्पी को हटाकर आकिब जावेद को सभी फॉर्मेट की जिम्मेदारी दी जा सकती है। गिलेस्पी को हाल ही में व्हाइट बॉल फॉर्मेट के हेड कोच गैरी कर्स्टन के रिजाइन देने के बाद पाकिस्तान का कोच बनाया गया था। आकिब अभी पाकिस्तान मेंस क्रिकेट सिलेक्शन कमेटी में बतौर कन्वीनर काम कर रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस डिसीजन का एनाउंसमेंट सोमवार को कर सकता है। जेसन गिलेस्पी पाकिस्तान के फुल टाइम टेस्ट फॉर्मेट के हेड कोच हैं। पाकिस्तान क्रिकेट टीम सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा और आखिरी टी-20 मैच खेलेगी। इसके बाद टीम को जिम्बाब्वे का दौरा करना है, जहां आकिब जावेद को व्हाइट-बॉल हेड कोच बनाया जाएगा। आकिब पूर्व में पकिस्तान टीम के असिस्टेंट कोच भी रह चुके हैं। उन्हें 2013 में यूएई ने अपना हेड कोच बनाया था। हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने कप्तानों और मुख्य कोचों से चयन करने का अधिकार छीन लिया है। यही कारण था कि गैरी कर्स्टन ने छह महीने बाद ही पद छोड़ दिया था। जावेद को हाल ही में पीसीबी के पांच राष्ट्रीय चयनकर्ताओं में में शामिल किया गया था। जिसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन किया और पाक टीम ने तीन साल और आठ महीने के बाद घरेलू टेस्ट सीरीज जीती। रिपोर्ट के मुताबिक जावेद ने सपाट पिचों के बजाय स्पिन के अनुकूल पिच बनाने पर जोर दिया था।

# पर्थ में ओपनिंग कर सकते हैं केएल राहुल

## फिट होने के बाद प्रैक्टिस शुरू की, चोटिल गिल पहले टेस्ट से बाहर, रोहित भी नहीं खेलेंगे


● पर्थ, वार्ता

**टॉप** ऑर्डर बल्लेबाज शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। वे शनिवार को प्रैक्टिस मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। हाल ही में दूसरी बार पिता बने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे। वहीं, केएल राहुल पहले टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं।

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने वाका में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। राहुल को शुक्रवार को प्रैक्टिस मैच के दौरान दायीं कोहनी में चोट लग गई थी। उधर, देवदत्त पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया में ही रोक लिया गया है। वे पिछले 20 दिनों से ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट खेलने गई इंडिया-ए टीम का हिस्सा थे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम मैनेजमेंट ने सिलेक्शन कमेटी से बात करने के बाद पडिक्कल को सीनियर टीम के बैकअप के लिए ऑस्ट्रेलिया में ही रोक लिया है। भारतीय टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई है। टीम दौरे की शुरूआत 22 नवंबर से पर्थ में पहले टेस्ट के साथ करेगी। वहां भारतीय टीम को 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम से जुड़ेंगे। रोहित ने बीसीसीआई और सिलेक्शन कमेटी को पहले ही बता दिया था कि वे पर्थ टेस्ट को मिस कर सकते हैं। दूसरा टेस्ट 4 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होगा, जो डे-नाइट मैच है। टीम इंडिया के टेस्ट



और वनडे कप्तान रोहित दूसरी बार पिता बने हैं। उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने 15 नवंबर को देर रात बेटे को जन्म दिया। रोहित की गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे। वहीं, केएल राहुल पहले टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं। शुभमन गिल को शनिवार को पर्थ में मैच सिमुलेशन के दौरान स्लिप में फील्डिंग करते समय उंगली में चोट लगी थी। रिपोर्ट के मुताबिक उनके अंगूठे में फ्रक्चर है और वे पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। हालांकि गिल की चोट को लेकर बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। राहुल ने रविवार को एक्सरसाइज के बाद काफी देर तक नेट्स में बैटिंग की। बीसीसीआई फिजियोथेरेपिस्ट कमलेश जैन और योगेश परमार ने कहा कि वे पूरी तरह फिट हैं, तभी उन्हें बैटिंग की इजाजत दी गई। स्कैन के बाद पता लगा कि उनकी चोट गंभीर नहीं है और ना ही कोई फ्रैक्चर है। शुक्रवार को प्रैक्टिस मैच के दौरान राहुल की कोहनी में प्रसिद्ध कृष्णा की बॉल लगी थी और वे स्कैन के लिए मैदान से बाहर चले गए थे। उन्होंने शनिवार को अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया था। राहुल की वापसी टीम इंडिया के लिए राहत की खबर है। 32 साल के राहुल भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के पहला टेस्ट नहीं खेलने पर ओपनिंग के ऑप्शन हैं। वहीं देवदत्त पडिक्कल ने इसी साल मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। उन्होंने अपने पहले ही मैच में 65 रन बनाए थे। हाल ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ इंडिया-ए के लिए खेलते हुए चार पारियों में 151 रन बनाए थे, जिसमें 88 रन की इनिंग भी शामिल है।



# कोहली इमोशनल, उन्हें टारगेट बनाओ

● पर्थ, वार्ता

**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को विराट कोहली पर दबाव बनाने की सलाह दी है। 54 साल के इस दिग्गज ने कहा कि आउट ऑफ फॉर्म चल रहे कोहली खराब शुरूआत के चलते दबाव में होंगे। कंगारुओं को उन्हें टारगेट बनाना चाहिए। न्यूजीलैंड से हार के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के पास उनके खिलाफ काफी गोला-बारूद है।

भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरूआत 22 नवंबर से हो रही है। पहला मुकाबला पर्थ में खेला जाएगा। टीम इंडिया को वहां 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है और यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम है। भारत को अपने दम पर



फाइनल तक पहुंचने के लिए 5 में से 4 मैच जीतने ही होंगे। मैक्ग्रा ने कहा कि कोहली पर दबाव डालें और देखें कि वे इसके लिए तैयार हैं या नहीं। फॉक्स ने कहा कि पिछले एक दशक से ज्यादा समय से भारतीय बैटिंग

**मैक्ग्रा बोले : न्यूजीलैंड से हारकर दबाव में होंगे ऑस्ट्रेलिया ज्यादा अग्रेसिव हुआ तो नुकसान भी संभव**

के लीडर रहे कोहली खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। इस साल 6 मैचों में उनका औसत 22.72 का रहा है। न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज में भी कोहली कुछ खास नहीं कर पाए। खराब फॉर्म से जूझते रहे।

अब ऑस्ट्रेलिया में सीरीज से पहले चोटिल शुभमन गिल पहले टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। कप्तान रोहित शर्मा पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे। कोहली पर बैटिंग लाइनअप को लीड करने का दबाव होगा।

# दूसरे टेस्ट में खेल सकते है शमी

● नई दिल्ली, वार्ता

**भारतीय** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कप्तान रोहित शर्मा के साथ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे। पांच मैचों की यह टेस्ट सीरीज 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। उनके टीम में शामिल होने पर फैसला पहले मैच के बाद ही लिया जाएगा।




सूत्र ने बताया कि रोहित पर्थ टेस्ट से पहले टीम के साथ जुड़ सकते हैं। उनके साथ ही शमी भी ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भर सकते हैं। रोहित निजी कारणों से टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया रवाना नहीं हुए थे। टीम के बाकी मेंबर्स 11 नवंबर को ही ऑस्ट्रेलिया पहुंच गए थे। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया पहुंच गई है। पहला टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। टीम वहां 5 टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं 34 साल के शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल खेला था। इसके बाद उन्होंने कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला। इसी साल जनवरी में इंग्लैंड में उन्होंने एंकल की सर्जरी कराई थी। पिछले कई महीने से शमी बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब कैंप में थे। शमी ने करीब एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी मैच से मैदान पर वापसी की। उन्हें मध्य प्रदेश के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। शमी ने मध्य प्रदेश के खिलाफ पहली इनिंग में 19 ओवर में 54 रन देकर 4 विकेट लिए थे। जबकि दूसरी इनिंग में उन्होंने 24.2 ओवर में 102 रन देकर 3 विकेट लिए।

# चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हीली डब्ल्यूबीबीएल से हुई बाहर

● सिडनी,

**ऑस्ट्रेलिया** महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली बाएं घुटने की चोट के कारण महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के शेष मैचों से बाहर हो गई हैं और उनके भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में खेलने को लेकर संशय हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार सिडनी सिक्सर्स ने एलिसा हीली के चोटिल होकर डब्ल्यूबीबीएल से बाहर होने की पुष्टि की है। हीली की चोट के कारण पांच दिसंबर से भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की आगामी घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता को लेकर संशय है। हीली को इस साल दूसरी बार बड़ी चोट है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला टी-20 विश्वकप सेमीफाइनल के दौरान प्लांटर फेशिया के फटने के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा था, जहां उनकी अनुपस्थिति में ताहलिया मैकग्राथ ने टीम की कप्तानी की थी। हीली ने कप्तान और खिलाड़ी के रूप में अपनी दोहरी भूमिकाओं का हवाला देते हुए मौजूदा क्रिकेट सत्र के लिए अपनी पूर्ण उपलब्धता के बारे में संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे लिए कप्तान



होना भी एक बड़ी भूमिका है। मैं गर्मियों में जितना संभव हो सके उतना उपलब्ध रहना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि मैं हर संभव खेल के लिए उपलब्ध रहना चाहती हूं, लेकिन वास्तविकता यह है कि ऐसा नहीं हो सकता है। ऐसा माना जा रहा है अगर हीली ठीक नहीं होती तो भारत श्रृंखला के दौरान ताहलिया मैकग्राथ टीम की कप्तानी करती नजर आएंगी।

# महिला टीम ने जापान को हराया

**भारत ने अपने आखिरी ग्रुप चरण के मैच में जापान को 3-0 से दी शिकस्त**

**भारतीय टीम ने बिहार महिला एशियाई चैंपियंस में कोई भी मैच नहीं हारा**

राजगीर,

**भारतीय** महिला हॉकी टीम ने रविवार को बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 के अपने आखिरी ग्रुप चरण के मैच में जापान को 3-0 से हरा दिया।

यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पहले हॉफ में जापान की रक्षापंक्ति ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए भारतीय टीम को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। पहले क्वार्टर के आखिर में भारतीय टीम को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन जापान की रक्षापंक्ति ने उसे विफल कर दिया। दूसरे हाफ में नवनीत



कौर ने (37वें ) मिनट में गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई और इसके बाद दीपिका ने (47वें और 48वें) मिनट में गोल ने भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर बनीं हुई है। भारतीय टीम ने इस चैंपियनशिप में कोई भी मैच नहीं हारा है।

# दूसरे वनडे : श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 209 रन पर किया ढेर

● पल्लेकेले,

**महीश** तीक्षणा और जेफ्री वैंडरसे (तीन-तीन) विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड को 209 के स्कोर पर ढेर दिया।

यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। टिम रॉबिंसन (04) और हेनरी निकल्स (08) रन बनाकर आउट हुये। 16वें ओवर में जेफ्री वैंडरसे ने विल यंग (26) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। ऐसे संकट के समय मार्क चैपमैन ने ग्लेन फिलिप्स के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 24वें ओवर में चरित असलंका ने ग्लेन फिलिप्स (15) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मिचेल हे ने चैपमैन के साथ पांचवें विकेट के लिए 75 रन जोड़े। 37वें ओवर में ए फर्नांडो ने मार्क चैपमैन (76) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद तो न्यूजीलैंड के बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौट



गये। मिचेल हे ने (45) रनों की पारी खेली और 46वें ओवर में आउट होने वाले वह आखिरी बल्लेबाज थे। श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे न्यूजीलैंड की पूरी टीम 45.1 ओवर में 209 पर सिमट गई। श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा और जेफ्री वैंडरसे ने तीन-तीन विकेट लिये। असिता फर्नांडो को दो विकेट मिले। दुनित वेल्लागे और चरित असलंका ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# वेस्टइंडीज की जीत में चमके लुइस-होप

## वेस्टइंडीज ने चौथे टी-20 मैच में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की

● ग्रॉस आइसलेट,

**सलामी** बल्लेबाज एविन लुइस (68) और शे होप (54) की तूफानी पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को चौथे टी-20 मुकाबले में छह गेंदें शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया हैं।

219 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए सलामी बल्लेबाज एविन लुइस और शे होप की जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 9.1 ओवर में 136 रन जोड़े। 10वें ओवर में रेहान अहमद ने एविन लुइस को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। एविन लुइस ने 31 गेंदों में सात छक्के और चार चौके लगाते हुए (68) रनों की पारी खेली। अगली ही गेंद पर शे होप रन आउट हो गये। शे होप ने 24 गेंदों में सात चौक और तीन छक्के लगाते हुए (54) रन बनाए। इसी ओवर की तीसरी गेंद पर रेहाने निकोलस पूरन (00) को आउट कर वेस्टइंडीज को बैकफुट पर धकेल दिया था। इसके बाद कप्तान रोवमन पॉवेल ने पहले शिमरॉन हेटमायर के चौथे विकेट



के लिए 36 रनों की साझेदारी की। रेहान ने शिमरॉन हेटमायर (07) को आउट कर अपना तीन विकेट लिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए शरफेन रदरफोर्ड और रोवमन पॉवेल ने टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया। इसी दौरान जॉन टर्नर ने पॉवेल को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। पॉवेल ने 23 गेंदों में तीन छक्के दो चौके लगाते हुए (38) रनों की पारी खेली। शरफेन रदरफोर्ड (29) और रॉस्टन चेज (09) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने 19 ओवर में पांच विकेट पर 221 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। पांच मैचों की सीरीज में वेस्टइंडीज की पहली जीत हैं। इंग्लैंड की ओर से रेहान अहमद ने 43 रन देकर तीन विकेट और जॉन टर्नर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने जेकब बेथेल (नाबाद 62), फिल सॉल्ट (55), कप्तान जॉश बटलर (38), विल जैक्स (25), और सैम करन (24) रनों के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 218 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओरसे गुडाकेश मोती ने 40 रन देकर दो विकेट लिए। और अल्जारी जोसेफ और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)